




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**

ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 67 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 20 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### आईएएस पी दयानंद बने सीएम विष्णुदेव साय के सचिव, तीन ओएसडी भी बनाए गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद राज्य शासन ने पहली नियुक्तियां की हैं। पी.दयानंद को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सचिव बनाया गया है। दयानंद भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्हें चिकित्सा शिक्षा सेवा विभाग का अतिरिक्त सचिव का भी दायित्व सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग की मुख्य पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले के छुट्टी पर रहने के दौरान नवंबर में पी. दयानंद को उनकी जगह जिम्मेदारी दी गई थी। साल 2006 बैच के अफ़सर दयानंद 2018 में भाजपा शासनकाल के दौरान बिलासपुर कलेक्टर भी रह चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) के रूप में तीन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

इनमें राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ सुभाष सिंह राज, उमेश अग्रवाल और रविकांत मिश्रा को पदस्थ किया गया है। वहीं निज सचिव के रूप में दीपक अंधारे को पदस्थ किया गया है। राज्य शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ अपर मुख्य सचिव आईएएस सुब्रत साहू, परदेशी सिद्धार्थ कोमल, आईएएस अंकित आनंद और आईएएस सोलई भारती दासन को प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। हालांकि इन अफसरों के पास पहले की तरह बाकी विभागों की जिम्मेदारी रहेगी।

### पीएम मोदी ने लोगों से मांगा सरकार और सांसदों का रिपोर्ट कार्ड

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के चुनावों को ध्यान में रखकर जनता के मन की बात सुन रहे हैं। नमो एप पर जनमन सर्वे के जरिये पीएम जनता से अपनी सरकार और सांसदों के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड मांग रहे हैं। यह सर्वेक्षण इस लिहाज से अहम है क्योंकि पीएम ने कामकाज पर सीधे जनता से राय मांगी है। 2024 के लोकसभा चुनाव घोषित होने में अब कुछ ही महीने का समय बचा है। पीएम इस सर्वे के जरिये अपनी सरकार की तमाम योजनाओं, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए अपने काम और सांसदों की समीक्षा करना चाहते हैं, ताकि जनता के मन के मुताबिक चुनावी वादे और सांसदों को पेश किया जा सके। नमो एप पीएम के लिए तमाम मुद्दों पर जनता की रायशुमारी का बेहद कारगर जरिया साबित हुआ है। पहले भी पीएम ने इस एप के जरिये जनता से राय मांगी है।

# मंच तैयार, मंत्रीमंडल का इंतज़ार

## मंत्रिमंडल विस्तार पर फिर फंसा पेंच, अभी और कितना इंतजार

**रायपुर।** मंच तैयार.. मंत्री मंडल का इंतज़ार...है, मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के लिए तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं मंच सज चुके हैं। लेकिन अभी तक नाम का ऐलान नहीं किया गया है। इधर कांग्रेस भी इस पर तंज कसने से नहीं चूक रही है।

यह मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के लिए सजा हुआ मंच है। कुर्सियां भी लगी हुई है। यह नजारा है राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम का जहां मुख्यमंत्री की शपथ के साथ ही यह तैयारी हो चुकी थी कि अब कभी भी मंत्रिमंडल का गठन हो सकता है और शपथ ग्रहण समारोह इसी इंडोर स्टेडियम में होगा। लेकिन 13 दिसंबर को सजा यह मंच अब भी इसी इंतजार



में है कि कब मंत्रिमंडल के नाम सामने आएंगे और कब शपथ ग्रहण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कई बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। अलाकमान से मुलाकात भी हुई है लेकिन अभी तक मंत्रियों के नाम किसी के सामने नहीं आए हैं।

अब सीएम साय ने यह यह तो कह दिया कि मंत्रिमंडल नाम जल्द सामने आ जाएगा। इसमें वरिष्ठ चेहरे और नए चेहरे दोनों दिखाई देंगे। लेकिन आज विधानसभा के पहले दिन जहां सबसे ज्यादा उम्मीदें मंत्रिमंडल को लेकर रही है वहां भी सीएम ने सिर्फ इंतजार करने के लिए कह दिया।

इधर अब तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो पाया है तो उसे पर कांग्रेस भी तंज कसने से पीछे नहीं हट रही है। कांग्रेस का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से छत्तीसगढ़ में सरकार तो बना ली है। लेकिन अभी भी बीजेपी में गुटीय संतुलन नहीं बन पा रहा है। जिसके कारण मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ। बीजेपी चौंकाने वाली राजनीति तो करती ही है। लेकिन मुख्यमंत्री का नाम तय हुए लगभग 10 दिन हो चुके हैं और उसके मंत्रिमंडल के नाम अब तक सामने नहीं आए हैं।

## छत्तीसगढ़, एमपी और राजस्थान की तरह यूपी में भी पीढ़ी परिवर्तन का दौर शुरू करेगी भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी)।** भाजपा प्रदेश में अगले साल होने वाले विधान परिषद, राज्यसभा और लोकसभा चुनाव से नेतृत्व में पीढ़ी परिवर्तन का दौर शुरू करेगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिहं चौधरी ने कहा कि पार्टी कई सालों से सीटों पर जमे सांसद और परिषद सदस्यों की जगह नए और युवा चेहरों को नेतृत्व का मौका देगी, जो आगामी 15-20 वर्षों तक पार्टी का नेतृत्व कर सकें। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की जगह पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की जगह मोहन यादव और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह की जगह विष्णुदेव साय को पार्टी ने नेतृत्व सौंपा है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि पार्टी नेतृत्व ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बड़ी रणनीति के तहत नेतृत्व का पीढ़ी परिवर्तन किया गया है।

प्रदेश में फ़रवरी 2024 में विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र की 5 सीटों पर चुनाव होना है। अप्रैल-मई में लोकसभा की 80 सीटों पर चुनाव होगा। अप्रैल 2024 में राज्यसभा की भी 10 सीटों पर चुनाव होगा। मई में परिषद की विधानसभा क्षेत्र की 13 सीटों पर चुनाव होगा। पार्टी के एक उच्च पदस्थ सूत्र का कहना है कि विधान परिषद की कुल 18, राज्यसभा की 10 और लोकसभा की 80 सीटों पर चुनाव से पार्टी नए नेतृत्व को मौका देने की शुरुआत करेगी।

## भूपेश बघेल और अशोक गहलोत को मिली नई जिम्मेदारी, संभालेंगे इंडिया गठबंधन के मामले

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की मीटिंग से पहले एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गठबंधन के मामलों को लेकर बनाई गई है और इसका नाम नेशनल अलायंस



कमेटी रखा गया है। इसमें राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हैं। इसके अलावा सलमान खुर्शीद, मोहन प्रकाश भी इसके मेंबर होंगे। इस समिति का समन्वयक मुकुल वासनिक को बनाया गया है। आज ही इंडिया अलायंस की मीटिंग होने वाली है। इस मीटिंग में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, जयंत चौधरी, फारूक अब्दुल्ला और शरद पवार समेत कई दिग्गज नेता हिस्सा लेने जा रहे हैं। उससे ठीक पहले इस समिति का ऐलान होना अहम है।

इंडिया गठबंधन की आज होने वाली मीटिंग में सीटों पर भी चर्चा होने की संभावना है। यूपी, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कैसे सीटों का बंटवारा होगा, यह देखना अहम है। अखिलेश यादव और ममता बनर्जी जैसे नेता लगातार यह कहते रहे हैं कि क्षेत्रीय दल जहां मजबूत हैं, वहां उन्हें ही फैसला लेने दिया जाए। ऐसे में यह देखना होगा कि अब बंगाल, यूपी और बिहार में क्या फैसला होता है। यह इसलिए भी जरूरी है कि क्योंकि टीएमसी ने बंगाल में दो ही सीटें देने की बात कही है। इसके अलावा सपा भी में क्या करेगी, यह देखना होगा। कांग्रेस चाहती है कि यूपी में उसे कम से कम 20 सीटें मिल जाएं, लेकिन अखिलेश दहाई के आंकड़े में भी सीटें देने के मूड में नहीं हैं।

### भारी बारिश के चलते तमिलनाडु के कई इलाके जलमग्न

## भारतीय सेना की बचाव टीम पहुंची श्रीवैकुण्ठम

**चेन्नई ( एजेंसी )।** चक्रवाती तूफ़ान मिचौंग के बाद अब भारी बारिश ने तमिलनाडु के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने भीषण बारिश का अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में लगातार बारिश के कारण जल भराव की स्थिति बन गई है। आलम यह है कि भारी बारिश के चलते 10 लोगों की मौत हो गई है। इसकी जानकारी तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीना ने दी है। जल भराव की स्थिति होने से कई लोग फंस गए हैं। इसी बीच, भारतीय सेना की बचाव टीम श्रीवैकुंठम पहुंची हैं। बता दें



पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश के चलते ताम्रपर्णी नदी में बाढ़ आ गई है, जिसके कारण कई इमारतें डूब गई है।

बदलते मौसम की मार तमिलनाडु पर साफ दिखाई दे रही है। कई इलाकों में घरों की छत तक नहीं दिखाई दे रही हैं। भारी बारिश के चलते चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है। वीडियो में तमिलनाडु के जल मग्न इलाकों को साफ देखा जा सकता है।

ड्रोन से ली गई इन तस्वीरों ने साफ दिखाई दे रहा है कि तमिलनाडु चक्रवाती तूफ़ान मिचौंग के बाद अन्य त्रासदी को झेल रहा है। भारी बारिश के चलते घरों में पानी घुसने के कारण लोगों को विस्थापित होना पड़ रहा है। नाले, नदियां बारिश के चलते उफान पर हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मिचौंग तूफ़ान और दक्षिणी जिलों में भारी बारिश से हुए नुकसान को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और आपदा राहत कोष प्रदान करने का अनुरोध किया। सीएम स्टालिन ने कहा कि 100 साल के इतिहास में दक्षिणी जिलों में भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ है।

### हेलीकॉप्टर से पहुंचाई बाढ़ पीड़ितों को सामग्री

भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने तमिलनाडु के बारिश और बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई है। भारतीय तटरक्षक एएलएच हेलीकॉप्टर ने थूथुकुडी के बारिश प्रभावित क्षेत्रों में 350 किलोग्राम सामग्री पहुंचाने के लिए सुबह मदुरै से उड़ान भरी थी। 350 किलोग्राम राहत सामग्री से भरा दूसरा हेलीकॉप्टर भी शीघ्र ही उड़ान भरेगा।

### कोरोना के नए वैरिएंट का खतरा

## स्वास्थ्य महकमें की बढ़ी टेंशन, मंडाविया ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत में एक बार फिर से कोरोना महामारी पैर पसार रहा है। कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 से लोगों में डर पैदा कर दिया है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

### बैठक में इन लोगों ने लिया भाग

बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बता दें, आईसीएमआर के निदेशक डॉ. राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल और आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने भी इस बैठक में भाग लिया।

### केरल में मिला था JN.1 का पहला केस

आपको बता दें, कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 का पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में मिला था। 79 साल की एक बुजुर्ग महिला में ये संक्रमण पाया गया था। वहीं, विदेश में भी कोरोना से हाहाकार मचा है। सबसे बुरा हाल सिंगापुर का है, जहां एक हफ्ते के अंदर करीब 56 हजार से ज्यादा मरीज सामने आए हैं। वहीं मलेशिया, इंडोनेशिया में भी लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।


# बाइक की टंकी पर माशुका को बैठा रेस लगाता आशिक का कटा चालान, याद आए आईपीएस अभिषेक पल्लव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग में एक कपल का बाइक ने रोमांस करते हुए वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। युवक और युवती फिल्मी अंदाज में रोमांस करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो दुर्ग के एनएच 56 हाईवे का है। फिलहाल पुलिस ने गाड़ी नंबर के जरिए युवक को थाने बुलाकर 5 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की है।

**हाइवे में चलती बाइक ने कपल का रोमांस**

दुर्ग के एनएच 56 हाईवे ने एक कपल कहीं जा रहा था। यह कपल बाइक पर फिल्मी अंदाज में रोमांस कर रहा था। किसी दूसरे वाहन चालक ने इस कपल का वीडियो बना लिया। जिसके बाद यह वीडियो



सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बाइक में रोमांस करता युवक पेशे से मैकेनिक है। युवक के पास किसी कस्टमर की बाइक रिपेयर करने आई हुई थी। उसी बाइक से मैकेनिक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को सैर कराने निकला हुआ था। बाइक में रोमांस करते इस कपल का वीडियो वायरल होते हुए पुलिस तक आ पहुंचा। पुलिस ने गाड़ी नंबर ट्रेस करके वाहन मालिक पर 5 हजार रुपए का चालान किया है। साथ ही ऐसा कृत्य दोबारा ना हो ऐसी समझाइश भी दी है।

बतादें कि कुछ इसी तरह का विडियो दुर्ग जिले के भिलाई में बीते 1 वर्ष पहले भी सामने आया था। उस वीडियो में युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड को कुछ इसी अंदाज में बैठाकर घुमाया था। विडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चलान तो काटा ही लेकिन उन दिनों चर्चा में चल रहे आईपीएस अभिषेक पल्लव ने उसके साथ बातचीत का विडियो डाला था। इसके साथ ही ट्रैफिक का कार्रवाई पर पल्लव बेहद ही चर्चा में रहते थे। अब वर्तमान में पल्लव कवर्धा जिले के एसपी है। ऐसा माना जा रहा है कि एक अगर पल्लव होते तो वही अंदाज इस बार भी देखने को मिलता।

### लगातार सामने आती है सड़क पर रोमांस की घटनाएं

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और भिलाई से आए दिन ऐसे वीडियो सामने आते है। साथ ही पुलिस आरोपितों पर चलानी कार्रवाई करती है। लेकिन फिर भी ऐसी घटनाओं ने इजाफा हो रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने कई मामलों में दस हजार रुपए तक का चालान भी काटा है। इतनी गश्त और जगहङ्क जगह पर चेकिंग अभियान भी चलाए जाने के बावजूद लगातार घटनाएं सामने आ रहीं है। सड़क पर स्टंट और इस प्रकार से गाड़ी चलाने वाले चालकों के कारण दूसरी गाड़ियों के लिए खतरा बढ़ जाता है। कई बार बड़ी दुर्घटनाएं भी घटित हो जाती हैं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर गीदड़ भभकियां

श्रीकंचनपथ




एक बार फिर धमकी मिली है- 'सिंगल यूज प्लास्टिक से गंदगी फैलाई तो खैर नहीं।' अब तक तो खैरियत ही है भाई। एक तरफ धमकियां दोहराई जाती हैं और दूसरी तरफसिंगल-यूज प्लास्टिक की खपत बढ़ती जाती है। जब घर में खाना बनता था तो केवल बर्तन धोने से काम चल जाता था। अब खाना ढाबे से आता है। होम डिलीवरी में खाना कम आता है और पैकिंग मटेरियल ज्यादा। रईस टाइप के लोग थोड़ा खाते हैं, थोड़ा फेंकते हैं। स्वादिष्ट मसालों से युक्त पैकिंग मटीरियल को मवेशी पूरा निगल जाते हैं। कुछ लोग सिर्फ बोतल बंद पानी पीते हैं। खाली बोतल को क्रश करके फेंकते हैं ताकि कोई दूसरा उसमें पानी भर कर न बेच सके। वैसे कुछ स्टेशनों पर साबुत खाली बोतलों में नल का पानी भरकर बच्चे 5-10 रुपए में बेचते हुए मिल जाते हैं। गरीब इसी से अपनी प्यास बुझा लेते हैं। उन्हें सेहत के फंडों से कोई लेना देना नहीं है। वे सिंगल यूज को मल्टिपल यूज बनाकर पर्यावरण की मदद ही करते हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक शिविर में जाने का मौका मिला। शिविरार्थियों ने बताया कि उन्होंने गांव में ऐसे आठ स्पॉट ढूंढे हैं जहां से प्रतिदिन समान मात्रा में कचरा मिलता है। इसमें पानी का पाउच, डिस्पोजेबल गिलास और पांच रुपए वाला चखना पाउच शामिल होता है। थोड़ा योगदान रंग बिरंगे गुटखा पाउच का भी होता है। इसमें 'बोलो जुबान केसरी' वाले पाउच भी होते हैं। पता नहीं इनमें कौन से केसर डला होता है कि इसे फांकने के बाद भी मुंह से श्लोक देसी ही निकलते हैं। सिंगल यूज पैकिंग मटेरियल की होड़ बाजारवाद के साथ बढ़ती ही जा रही है। गिफ्ट खरीदो या रेडीमेड कपड़ा, ढेर सारा पैकिंग मटीरियल साथ में आता है। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक भी होता है जिसे कबाड़ी वाला भी लेकर नहीं जाता। रीयूजेबल प्लास्टिक की बोतलों में तरह-तरह के पेय भी आते हैं। लोग इन्हें किसी डस्टबिन में डालें तो शायद यह रीसाइकल भी हो जाए पर अपनी तो आदत है जहां खाली हुई वहीं फेंक दिया। पहले लोग ट्रेन की खिड़की से बोतलें, बचा हुआ खाना, आदि फेंका करते थे। ये जंगल, झाड़ी, मैदानों में जाकर गिरता था। अब कार वालों में भी यही बीमारी देखी जाती है। कार की खिड़की सर्र से सरकती है और उसमें से पाउच, बोतल बाहर आकर सड़क पर लोटने लगती है। समझ में यह नहीं आता कि पर्यावरण की इतनी ही चिंता है तो इन्हें सोर्स पर क्यों नहीं रोका जाता। जवाब साफ है, इसका भारी भरकम उद्योग। वैश्विक पैकेजिंग-प्रिंटिंग बाजार का आकार 2020 में 352.01 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 तक 433.40 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। इतने बड़े उद्योग को कोई सरकार कैसे छेड़े। लिहाजा कोरी गीदड़ भभकियों से काम चलाना उसकी मजबूरी है। इधर दारू दुकान बंद नहीं होती और उधर पुलिस गाड़ी रोककर लोगों का मुंह सूंघती फिरती है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के

बढ़ते कदम....



LED SCREEN

के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए

संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग

शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# कोविड-19 अब भी चुनौती

केरल में कोविड–19 के नए वेरिएंट जेएन1 का पहला मामला संज्ञान में आने के बाद केंद्र सरकार ने राज्यों को जो 'एडवाइजरी' जारी की है, उसे पूरी गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे कोविड संबंधी आरटी–पीसीआर जांच बढ़ाएं। संतोष की बात है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की एक बैठक बुलाई है, ताकि कोरोना और सांस संबंधी अन्य रोगों पर व्यापक विचार किया जा सके। कोरोना के मामले में किसी किस्म की लापरवाही फिर से एक बड़ी कीमत वसूल सकती है, इसलिए राज्यों को केंद्र के साथ बेहतर तालमेल बिठाते हुए तमाम एहतियाती कदम उठाने पड़ेंगे। केरल से सटे कर्नाटक में राज्य सरकार ने साठ साल से अधिक उम्र के अपने नागरिकों और किसी भी गंभीर रोग के शिकार लोगों को सलाह दी है कि बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल करें। इस मामले में तत्परता कितनी जरूरी है, यह बात सिर्फ दो तथ्यों से उजागर हो जाती है– केरल में सिर्फ इस महीने ही 17 तारीख तक कोरोना से 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि महाराष्ट्र में कई महीनों के बाद पहली बार एक दिन में कोविड संक्रमितों की संख्या दहाई अंक में पहुंची है। जेएन1 वेरिएंट के मामले चीन, अमेरिका और सिंगापुर आदि कई देशों में भी मिले हैं, इसलिए इसके वैश्विक प्रसार की आशंका बेमानी नहीं है। राहत की बात यही है कि केरल की जिस बुजुर्ग महिला में इस वेरिएंट का पता चला था, वह कोविड से उबर चुकी हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि अभी तक इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिला है कि यह नया वेरिएंट सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। फिर भी हमें पर्याप्त सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कोरोना की दूसरी लहर में जो जन–तबाही हमने देखी, उसकी स्मृतियां अभी धुंधली नहीं हुई हैं। निस्संदेह, तब से स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी कुछ हुआ है। अस्पतालों व अन्य ढांचागत सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है। मगर इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते कि तमाम तैयारियों को पंगु साबित करने वाली आबादी हमारे पास है। गौर कीजिए, भारत में कोविड–19 ने अपना पहला कदम केरल में और सर्दी के दिनों में ही रखा था। इसलिए मौसम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिर इन दिनों जिस तरह की मौसमी अनियमितता देखने को मिल रही है, वह वैसे ही अनेक बीमारियों की जड़ है। तमिलनाडु में पिछले कई दिनों से जबर्दस्त बारिश हो रही है। तेरुनेलवेली, तेनकासी, थूथूकुडी और कन्याकुमारी जिले विशेष रूप से जलमग्न नजर आ रहे हैं। थूथूकुडी के कयालपट्टिनम में तो 24 घंटे में 96 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। राहत और बचाव के लिए सेना को बुलाना पड़ा है। ऐसे में, कोविड मामलों में वृद्धि शासन–प्रशासन के आगे कितनी मुश्किल चुनौती खड़ी कर सकती है, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। महामारी के बाद दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं दुनिया भर में बढ़ी हैं और खासकर युवा आबादी में इसकी बढ़ती संख्या चिंताजनक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के एक अध्ययन के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सलाह दी थी कि जो कोविड–19 के गंभीर शिकार रहे हैं, उन्हें कुछ समय तक ज्यादा शारीरिक श्रम, वर्जिश से बचना चाहिए। इसलिए कोविड संक्रमण से जुड़ी किसी भी सूचना और सलाह के प्रति पूरी संजीदगी बरती जाए।

> “ राहत की बात यही है कि केरल की जिस बुजुर्ग महिला में इस वेरिएंट का पता चला था, वह कोविड से उबर चुकी हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि अभी तक इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिला है कि यह नया वेरिएंट सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है।

## उछला धारावी का मुद्दा

शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने गंभीर आरोप लगाया है कि उनकी सरकार को धारावी परियोजना रोकने की वजह से गिराया गया। परोक्ष रूप से उन्होंने अडानी ग्रुप को निशाने पर लिया है। ठाकरे मुंबई में धारावी झुग्गी बस्ती के कथित पुनर्विकास के मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरे हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि चूंकि उनकी सरकार ने धारावी से निवासियों को हटाकर वहां की जमीन देने से इनकार किया, इसलिए उनकी पार्टी तोड़ी गई और उनकी सरकार गिराई गई। अब उद्धव ठाकरे ने धारावी के निवासियों को साथ लेकर अडानी समूह की पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ आंदोलन छेड़ा है। इस दौरान ध्यान खींचने वाली बात यह हुई कि उनकी इस मुहिम में ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि लेफ्ट और अंबेडकरवादी संगठन भी शामिल हुए हैं। पहली रैली में बड़ी संख्या में धारावी के निवासियों ने भी भागीदारी की। इस बीच कांग्रेस ने धारावी को अडानी ग्रुप को सौंपने के फैसले को महा–घोटाला कहा है।

पार्टी ने एक बयान में आरोप लगाया कि धारावी प्रोजेक्ट के तहत अडानी समूह को 10.5 करोड़ वर्ग फीट की जायदाद का हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) दे दिया गया है। यह क्षेत्र धारावी के वर्तमान इलाके से छह से सात गुना ज्यादा है। टीडीआर सिस्टम के तहत बिल्डर किसी क्षेत्र में जो निर्माण कार्य करते हैं, उनके बदले दूसरे इलाकों को डेवलपमेंट करने उन्हें का अधिकार मिलता है। मतलब यह कि अडानी ग्रुप धारावी में जो निर्माण कार्य करेगा, उसके बदले उसे से सात गुना अधिक बड़े इलाके को डेवलप करने का अधिकार भी मिलेगा। कांग्रेस का आरोप है कि टीडीआर के आरंभिक टेंडर में अडानी समूह को पांच करोड़ वर्ग फीट क्षेत्र मिलने की बात थी। लेकिन बाद में उसे 110 प्रतिशत बढ़ा दिया गया, जिससे इस समूह के मुनाफे में 434 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। विरोध पर उतरी पार्टियों का आरोप है कि इस परियोजना के तहत धारावी के बहुत से वर्तमान निवासी रिहाइश से वंचित हो जाएंगे। ये सारे गंभीर आरोप हैं। अपेक्षित है कि महाराष्ट्र और केंद्र की सरकारें इनका तथ्यात्मक जवाब दें। वरना, धारावी का आंदोलन एक बड़े विरोध की शक्ल ले सकता है।

## तेलंगाना में किसको फायदा?

तेलंगाना के विधानसभा चुनाव के बाद बाद फोकस आंध्र प्रदेश पर है। हालांकि तेलंगाना की तरह आंध्र में जगन मोहन रेड्डी की सरकार 10 साल की नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि तेलंगाना की तरह वहां भी एंटी इन्कम्बैंसी हो सकती है। ध्यान रहे आसपास के दो राज्यों में छह महीने के अंदर में सत्ता परिवर्तन हुआ है। पहले कर्नाटक में भाजपा को हरा कर कांग्रेस जीती और फिर तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को हरा कर कांग्रेस ने सरकार बनाई है। अब सबकी नजर आंध्र प्रदेश पर है, जहां कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है। आंध्र प्रदेश का विभाजन करने के बाद कांग्रेस शून्य पर आ गई। पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को सिर्फ सवा फीसदी वोट मिले थे। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस इस भरोसे में है कि मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला उसके साथ जुड़ कर कांग्रेस को फायदा पहुंचाएंगी। तभी यह सवाल है कि कर्नाटक और तेलंगाना के बाद कांग्रेस के प्रति जो धारणा बदली है उसका फायदा उसको मिल पाएगा? या मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रही तेलुगू देशम पार्टी को फायदा होगा? ध्यान रहे आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके अलग राज्य बनाने के नाम पर कांग्रेस ने तेलंगाना में इस बार प्रचार किया था और चुनाव जीती। इसलिए संभव है कि तेलंगाना में जिस मुद्दे पर फायदा मिला, आंध्र प्रदेश में उसका नुकसान हो क्योंकि आंध्र के लोग राज्य के विभाजन से नाराज थे। उनकी नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है। दूसरी ओर तेलुगू देशम पार्टी ने लगातार जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ अभियान चलाया है। जगन इतने परेशान थे कि उन्होंने पिछले दिनों एक पुराने मुकदमे में चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार कराया। इसके अलावा टीडीपी के साथ एक फायदे वाली बात यह है कि मशहूर तेलुगू फिल्म स्टार पवन कल्याण की जन सेना पार्टी ने टीडीपी से तालमेल कर लिया है और संभव है कि चुनाव आते आते भाजपा भी तालमेल करे।

> “ ‘निर्भया’ मामले के बाद कानूनी स्तर पर कई तरह के बदलाव किए गए, पर समाधान के रूप में उनका प्रभाव बहुत सीमित रहा है। कई कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि क्रियान्वयन प्रक्रिया में सुधार आवश्यक है, और उन्होंने इसे पारदर्शी बनाने की वकालत की है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का उपयोग करने, जांच-प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने, समय पर आरोप-पत्र दाखिल करने और पीड़िताओं में विश्वास बढ़ाने के उपाय करने का सुझाव दिया है।

# महिला सुरक्षा से भी देश की समृद्धि

अर्चना दत्ता, पूर्व महानिदेशक, दूरदर्शन और आकाशवाणी



पिछले साल भारत में महिलाओं के खिलाफ आपराधिक मामले 2021 की तुलना में चार फीसदी बढ़ गए। इनमें से ज्यादातर मामले (31.4 प्रतिशत) पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा की गई क्रूरता के हैं। यही नहीं, दिल्ली अब भी महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है, जहां प्रतिदिन बलात्कार के औसतन तीन मामले दर्ज होते हैं। गौर कीजिए, यह देश के 19 प्रमुख शहरों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध का 29 फीसदी है। ये तमाम आंकड़े हाल ही में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट से उजागर हुए हैं।

यह रिपोर्ट बताती है कि बड़ी संख्या में महिलाएं आज भी हिंसा की शिकार हो रही हैं। एक अन्य हालिया अध्ययन में, जिसमें हरियाणा में 2015 से 2018 के बीच दर्ज की गई करीब चार लाख उन एफआईआर का विश्लेषण किया गया है, जिनमें महिलाओं ने विभिन्न अपराधों की शिकायत की थी, यह भी स्पष्ट हुआ है कि हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में विभिन्न स्तरों पर भेदभाव किया जाता है। इस पर टिप्पणी करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच और सुनवाई के दौरान महिला फरियादियों के खिलाफ अमूमन अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता, पुलिस उनको गंभीरता से नहीं लेती और कभी–कभी तो अदालती कार्यवाही में भी लापरवाही बरती जाती है। साल 2010 के एक मामले में देश की शीर्ष अदालत ने कहा भी था कि अपने खिलाफहमले और हिंसा के ज्यादातर मामले महिलाएं आवेश में मामूली शिकायतों पर दर्ज कराती हैं।

गौर कीजिए, एनसीआरबी की रिपोर्ट में दर्ज मामलों का ही जिक्र किया जाता है, वास्तविक संख्या का नहीं, जिसके कारण उन मामलों की आशंका बनी रहती है, जो किसी न किसी कारणवश दर्ज नहीं हो पाते। भारत में अंतरंग–साथी के साथ हिंसा काफी आम बात है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, 2019–21 के अनुसार, करीब 31.5 फीसदी महिलाएं 15 साल की उम्र के बाद कम से कम एक बार शारीरिक या यौन हिंसा का सामना करती हैं। कई महिलाओं के लिए रिपोर्ट दर्ज कराना मुश्किल होता है या फिर सामाजिक प्रतिशोध, कलंक, पुलिस स्टेशनों में अनुचित व्यवहार और यातनापूर्ण न्यायिक प्रणाली के डर से रिपोर्ट न कराने का दबाव उन पर डाला जाता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, महज 5.2 प्रतिशत पीड़िता शारीरिक या यौन हिंसा के मामलों में पुलिस से मदद मांगती हैं। यहां तक कि तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे उच्च साक्षरता दर वाले सूबों में भी महिला–अपराधों का दर्ज करने की दर कम है, जिससे पता चलता है कि इसका साक्षरता से कोई रिश्ता नहीं है। विश्व स्तर पर भी हिंसा के खिलाफ पुलिस से मदद मांगने वाली महिलाओं का प्रतिशत 10 से कम है।

'निर्भया' मामले के बाद कानूनी स्तर पर कई तरह के बदलाव किए गए, पर समाधान के रूप में उनका प्रभाव बहुत सीमित रहा है। कई कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि क्रियान्वयन प्रक्रिया में सुधार आवश्यक है, और उन्होंने इसे पारदर्शी बनाने की वकालत की है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का उपयोग करने, जांच–प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने, समय पर आरोप–पत्र दाखिल करने और पीड़िताओं में विश्वास बढ़ाने के उपाय करने का सुझाव दिया है। जैसा कि एक हालिया शोध अध्ययन में कहा गया है, पीड़िता को अधिक सहानुभूति और संवेदनशीलता की जरूरत है, क्योंकि लंबे समय तक चलने वाले अदालती मामलों में वे रोजाना अपमानित होती हैं... इससे उनमें यह बात पैठ जाती है कि तंत्र आरोपी के अनुकूल है।

साल 2022 के अंत में, देश की विभिन्न अदालतों में करीब पांच करोड़ मामले लंबित थे। एक कानूनी विशेषज्ञ ने यह भी अफसोस जताया कि कई मामलों में जांच और मुकदमे के दौरान गवाह मुकर जाते हैं... और पीड़िता को अदालत के बाहर समझौता करने के लिए मजबूर किया जाता है। इस कारण अपने देश में अपराधी की सजा की दर काफी कम है। 2021 में दोष साबित होने की दर सिर्फ 26.5 फीसदी थी, जबकि साल 2020 की यह 29.8 फीसदी थी। वर्ष 1993 में, संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को खत्म करने के अपने घोषणापत्र में बताया था कि ऐसे अपराध उन समाजों में होते हैं, जो जेंडर के लिहाज से पारंपरिक रूप से असंतुलित हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार, ऐतिहासिक रूप से पुरुषों द्वारा पुरुषों के लिए तैयार की गई आपराधिक न्याय प्रणाली में महिलाओं को प्रतिनिधित्व तो बहुत कम दिया जाता है,पर बतौर पीड़ित उनकी सहभागिता काफी ज्यादा होती है।

विश्व स्तर पर करीब 30 फीसदी महिलाओं ने माना है कि वे जीवन में अंतरंग साथी या गैर–साथी द्वारा कम से कम एक बार शारीरिक या यौन हिंसा का शिकार हुई हैं। पुलिस बल में महिलाओं की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत से कम है, जबकि न्यायपालिका में उनकी सहभागिता 70.9 प्रतिशत (फ्रांस) से लेकर 3.8 फीसदी (नेपाल) तक है। भारत में पुलिस बल में महिलाओं की हिस्सेदारी 12 फीसदी है, जबकि 28 फीसदी निचली अदालतों में, 12 फीसदी उच्च न्यायालयों में व 9.6 प्रतिशत जेल–प्रशासन में (सभी स्तरों पर) है।


विश्व के 162 देशों में घरेलू हिंसा व 147 मुल्कों में कार्यस्थल पर यौन–उत्पीड़न के खिलाफ कानून पारित होने के बावजूद महिलाओं व लड़कियों से जुड़े अपराध खुद उन पर और समाज व अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं। इसके कारण हर वर्ष विश्व को 1.5 ट्रिलियन डॉलर (2022 में विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार) और कई देशों को अपनी जीडीपी का 1.2 से 3.7 फीसदी तक आर्थिक नुकसान होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में अंतरंग–साथी की एक हिंसक घटना से औरत औसतन पांच दिन काम पर नहीं जा पाती है। चूंकि भारत तेजी से आर्थिक विस्तार कर रहा है, इसलिए श्रम बाजार में स्त्रियों की भागीदारी और उनमें कौशल विकास को बढ़ावा देना काफी महत्वपूर्ण है।

जाहिर है, महज कानून बनाना काफी नहीं, ईमानदारी से उनका पालन भी जरूरी है। बचपन से ही लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने से लैंगिक असमानता, रूढ़िवादिता और जेंडर आधारित हिंसा खत्म करने में मदद मिल सकती है, जिससे कार्यस्थल, सार्वजनिक जगह और घर कहीं अधिक सुरक्षित बन सकेंगे।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# जलवायु की रक्षा के लिए कैसे जुटाया जाएगा इतना पैसा

आसमी रजा, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र,दिल्ली विश्वविद्यालय



दुबई में आयोजित 'कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज', कॉप–28 पेरिस समझौते के बाद एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन कुछ सकारात्मक परिणामों और कुछ निराशा के साथ संपन्न हुआ है। कुछ लोग इसे जीवाश्म ईंधन युग के समापन के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य छिपा नहीं है कि दुनिया के देश बड़ी महंगी जलवायु आपदाओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में, यह वाकई बड़ी कामयाबी है कि दुबई में कॉप–28 जलवायु सम्मेलन के उद्घाटन दिवस पर ही कमजोर देशों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने में मदद करने के लिए एक हानि एवं क्षति कोष आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया। इसके तहत शुरुआती फंडिंग 47.50 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। मेजबान यूएई ने 10 करोड़ डॉलर देने का वादा किया है, यूरोपीय संघ ने 27.50 करोड़ डॉलर, अमेरिका ने 1.75 करोड़ डॉलर और जापान ने एक करोड़ डॉलर देने का वादा किया है। इन देशों ने अन्य देशों की घोषणा के लिए दरवाजे खोल दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि 2009 में कोपेनहेगन में कॉप के 15वें सम्मेलन (कॉप–15) के दौरान विकसित देशों ने साल 2020 तक सालाना 100 अरब डॉलर जुटाने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी। इस धन से विकासशील देशों में जलवायु–संबंधी परियोजनाओं का वित्त पोषण होना था। साल 2015 में पेरिस समझौते ने इस प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि की थी और 2020 के बाद की अवधि के लिए एक नया सामूहिक लक्ष्य तय करने की जरूरत पर बल दिया था। इस लक्ष्य को विकासशील देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए सावधानी से डिजाइन करना था।

हालांकि, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के ताजा निष्कर्षों से पता चलता है कि जलवायु की रक्षा के लिए 100 अरब डॉलर जुटाने का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। 2018 से दो प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद विकसित देश साल 2019 में महज 79.6 अरब डॉलर ही जुटा पाए। कोष में वृद्धि हो रही है, पर हम लक्ष्य से पीछे चल रहे हैं।

यूएनएफसीसीसी की स्थायी समिति के 2021 के विश्लेषण के अनुसार, विकासशील देशों को अपने राष्ट्रीय स्तर पर तय योगदान में दर्ज जरूरतों को पूरा करने के लिए साल 2030 तक कम से कम 5.8 ट्रिलियन डॉलर की जरूरत पड़ेगी। इसका मतलब है कि उन्हें हर साल करीब 600 अरब डॉलर की जरूरत रहेगी, जो विकसित देशों द्वारा किए गए वादे से काफी कम है।

बहरहाल, दुबई में बहुत विचार–विमर्श के बाद, अंतिम समझौते में देशों से आह्वान किया गया कि वे जीवाश्म ईंधन से दूर जाने की दिशा में योगदान दें, ताकि साल 2050 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। वैसे, दुबई में इसके लिए न तो कोई समय–सारणी थी और न ही कोई तय लक्ष्य था। कुछ देश इस बात से बेहद निराश हैं कि जीवाश्म ईंधन फेज–आउट शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया गया। मतलब, निकट भविष्य में जीवाश्म ईंधन के उत्पादन और खपत पर जरूरी अंकुश लगने की संभावना नहीं है।

आखिर समस्याओं का हल क्या है? जलवायु वित्त को बढ़ावा देने के लिए अगले सम्मेलन में प्रमुख कदमों पर विचार किया जा सकता है। सबसे पहले, एक मजबूत वैश्विक वित्त लक्ष्य स्थापित करने से विकासशील देशों के जलवायु प्रयासों का समर्थन करने में मदद मिलेगी। दूसरा, विशेष रूप से सबसे कमजोर देशों के लिए रियायती वित्त पोषण और अनुदान तक पहुंच में सुधार करना लाभकारी साबित हो सकता है। तीसरा, सार्वजनिक और निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर जलवायु पहल के लिए विविध संसाधनों का उपयोग किया जा सकता है। चौथा, हानि और क्षति के लिए वित्त सुविधा को सुदृढ़ करने से कमजोर समुदायों को जलवायु संबंधी दुष्प्रभावों से निपटने में तत्काल मदद मिलेगी। अंत में, एक न्यायसंगत ऊर्जा बदलाव में तेजी लाने से कम कार्बन वाले समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। बेशक, यह खास है कि दुनिया के देश पहली बार जीवाश्म ईंधन से दूर जाने की जरूरत पर सहमत हुए हैं। इसे उचित, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से अंजाम देने का आह्वान किया गया है। यह भी अपेक्षा की गई कि दुनिया के अमीर देश खुद भी कोयला, तेल और गैस से तेजी से दूर जाएंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# चुनावों के साथ दक्षिण एशिया में उभरती चुनौतियां

जी पार्थसारथी



अब जबकि वर्ष 2023 खत्म होने को है, दक्षिण एशिया के तीन बड़े देश –भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान– 2024 में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों की तैयारी में मसरूफ हैं। भारत में हाल ही में, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली चुनावी विजय के साथ इस सत्ताधारी दल की लोकप्रियता और मजबूती देखने को मिली है। विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने देश के दक्षिणी राज्य तेलंगाना में सत्ता में वापसी की है। बांग्लादेश में अगले साल के जनवरी माह में तो पाकिस्तान में फरवरी में आम चुनाव होंगे। आगे चलकर श्रीलंका में भी राष्ट्रीय चुनाव होना है।

इसी दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मुइज्जू के प्रतीकात्मक अनुरोध को स्वीकार करते हुए वहां तैनात लगभग 75 भारतीय सैनिकों की वापसी स्वीकार कर ली है। हालांकि ठीक इसी समय मालदीव में भारतीय मदद से बनने वाली विकास योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए उच्च स्तरीय समझौता हुआ है। विगत में, भारत ने मालदीव की संप्रभुता कायम रखने हेतु वहां सैन्य बल भेजा था, जब 1988 में सशस्त्र गिरोह ने इस टापू की सत्ता हथिया ली थी।

वर्तमान में पाकिस्तान गंभीर आर्थिक दिवालियापन से गुजर रहा है। चुनाव की तैयारियों के मध्य, तमाम व्यावहारिक प्रयोजनों से, पाकिस्तान में राज सेना का ही है। कहने को लोकतंत्र है, लेकिन पाकिस्तान के बेताज बादशाह नवनियुक्त सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर हैं। यह भी तथ्य है कि पाकिस्तान के अन्य महत्वाकांक्षी सेनाध्यक्षों की भांति जनरल मुनीर को भी अमेरिका का वरदहस्त प्राप्त है और उन्हें अमेरिका यात्रा का निमंत्रण मिला। पाकिस्तानी सेना के जनसूचना विभाग ने जनरल मुनीर की अमेरिकी रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री के अलावा बाइडेन प्रशासन की अन्य वरिष्ठतम शख्सियतों के साथ भेंट कार्यक्रम की तारीखें काफी जोर–शोर से प्रचारित की थीं। जनरल मुनीर को उनके पूर्ववर्ती सेनाध्यक्ष बाजवा ने विशेष रूप से चुनकर अपनी जगह बैठाया है। बता दें कि अमेरिका के कहने पर यूक्रेन तक सैन्य सामग्री पहुंचाने में बाजवा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इसी बीच अफगानिस्तान मामलों पर अमेरिकी विशेष प्रतिनिधि थॉमस वेस्ट पाकिस्तान पहुंचे और आतंकवाद से लड़ाई में पाकिस्तान के साथ अमेरिकी का पूर्ण सहयोग होने की घोषणा की है। जाहिर है बाइडेन प्रशासन की याददाश्त कमजोर है, लगता है वह दिन भूल गए, जब पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया करवा रखी थी। इसके अलावा वह भी भूल गया लगता है जब एक ओर अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की निकासी हो रही थी तो दूसरी ओर तत्कालीन आईएसआई के इशारों पर तालिबान काबुल में सत्ता संभाल रहे थे। इमरान खान से चिढ़ रखने वाले जनरल मुनीर ने अमेरिका की यात्रा की है। लेकिन इन सबका पाकिस्तान का अपने सदाबहार दोस्त चीन के साथ रिश्तों पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। फिलहाल जनरल मुनीर का मुख्य ध्यान इमरान खान और उनके चेलों को अनेकानेक मामलों में फंसाने पर है। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की ब्यानबाजी उन्हें आगामी आम चुनाव में हिस्सा लेने से महरूम करवा सकती है।

बड़ी संख्या में अधिकारियों, सैनिकों और पूर्व–सैनिकों में इमरान खान को चुनाव लड़ने से वर्जित करने वाले प्रयासों को लेकर रोष है। सबसे अहम, लगता है इमरान खान को न्यायपालिका की प्रभावशाली सहायता प्राप्त है। तय कार्यक्रम के अनुसार 8 फरवरी, 2024 को पाकिस्तान में आम चुनाव करवाए जाएंगे। अब देखना यह है कि क्या इमरान खान को सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिल पाएगी और चुनाव में भाग लेने की इजाजत मिलेगी।

उधर, पाकिस्तानी सशस्त्र बलों को अब पश्तूनों से सीधी चुनौतियां दरपेश हैं, जो कि ड्यूरंड सीमा रेखा के दोनों ओर तालिबान के समर्थक हैं। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान से संवाद के सूत्र कायम रखकर काफी समझदारी की है। उम्मीद है आगे भी भारत अफगान लोगों को बेतरह जरूरी गेहूं की आपूर्ति जारी रखेगा। भारत से अफगानिस्तान को भेजी सामग्री बरास्ता पाकिस्तान की बजाय अब ईरान के चाबहार बंदरगाह से होकर पहुंच सकेगी। ऐसे में जब खुद मोदी सरकार आगामी आम चुनाव के लिए कमर कस रही है, बांग्लादेश में शेख हसीना की आवामी लीग सरकार को दरपेश सख्त मुकाबले से भारत के लिए नई चुनौतियां बन सकती हैं। बांग्लादेश में आवामी लीग के प्रति वर्तमान और पिछली अमेरिकी सरकारों का पूर्वाग्रह जारी रहने से, भारत की पूरबी सीमाओं पर मुश्किलें जटिल बनी हैं। शेख हसीना की आवामी लीग के प्रति अमेरिकी पूर्वाग्रह बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन के वक्त से कायम है। अमेरिका का यह रवैया इस तथ्य के मद्देनज़र हैरानी जनक है कि बांग्लादेश का चीन के साथ संबंध नपी–तुली मित्रता वाला है, जो कि चीन–पाकिस्तान के बीच परमाणु और सैन्य संबंधों से काफी अलग है, और अमेरिका को जिसकी न तो परवाह है न ही दिखाई देता है।

आवामी लीग के प्रति अमेरिका की खुन्नस शेख मुजीब–उर–रहमान के वक्त से है, जो उनकी पुत्री शेख हसीना के साथ भी कायम है। भारत में भी, गहन संशय है कि बांग्लादेश के राष्ट्रपिता शेख मुजीब–उर–रहमान की हत्या के पीछे विदेशी हाथ है। भारत और बांग्लादेश, दोनों की म्यांमार से थलीय सीमाएं साझा हैं। सीमापारीय आतंकवाद से निबटने में जहां भारत के म्यांमार के साथ निकट संबंध हैं वहीं रोहिंग्या शरणार्थियों के मसले के कारण बांग्लादेश और म्यांमार के बीच तल्खी है। सशस्त्र विद्रोहियों से निपटने में म्यांमार के साथ भारत का सीमापारीय सहयोग काफी मजबूत है। मणिपुर की हालिया घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में उक्त सहयोग का होना काफी अहम है। भारत की दक्षिण–पूरबी सीमाओं पर आने वाले महीनों में तनाव और संभावित हिंसा में उभार देखने को मिल सकता है। बांग्लादेश में भी आगामी आम चुनाव में हिंसा होने को लेकर चिंता है, जहां पर शेख हसीना की पंथ–निरपेक्ष सरकार को कट्टरवादी इस्लामिक तत्वों से चुनौतियां दरपेश हैं। बांग्लादेश और शेख हसीना को निजी तौर पर, अमेरिका और कनाडा के खिलाफ नाराजगी जायज है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









## खास खबर

### लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में विभिन्न विधाओं में दिया जा रहा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**रायपुर।** जिले के लाईवलीहुड़ कॉलेज जोरा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 18 से 45 वर्ष के युवाओं को उनकी रूचि अनुसार 03 से 04 माह के कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमे सेल्फइंप्लायड टेलर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, रिटेल सेल्स एसोसिएट, सोलर पम्प टेक्निशियन, डोमेस्टिक आई.टी हेल्पडेस्क अटेंडेंट (कंप्यूटर), माइक्रो इरिगेशन टेक्नीशियन, ट्रेक्टर मेकेनिक के कोर्स में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ ही अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर स्किल, कम्यूनिकेशन स्किल, व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इन कोर्स में आवेदन करने की न्युनतम योग्यता-08वी एवं 10वीं उत्तीर्ण है। साथ ही अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन नम्बर-0771-2443066, 9109321845, 9399791163 में भी संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** छत्तीसगढ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्विमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 05 बालक, बालिकाओं को 25 (पच्चीस) हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु 2023 के लिए प्रविष्टियॉ आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 01 जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य अद्धुत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा में कार्यालयीन समय पर 02 जनवरी 2024 तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित् कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नही किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें। अपुर्ण अथवा ऐसे आवेदन पत्र जो सक्षम प्राधिकरण एवं जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाणितध्सत्यापित न हो अथवा जिसके साथ आवश्यक सहायक अभिलेख ना हो विचारणीय नहीं होंगे। आवेदन पत्र सक्षम प्राधिकारी क्र. 01 व 02 तथा जिला कलेक्टर द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है।

### कैट की प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन सम्पन्न हुई, भारी संख्या में पूरे प्रदेश के व्यापारीगण शामिल हुए

# कैट ने व्यापारियों को साथी परियोजना की जानकारी दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट की प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन वृन्दावन हाल, सिविल लाईन्स, रायपुर में हुई।




प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन में अमर पारवानी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. गजेंद्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी साथी परियोजना, आईजीकेवी, रायपुर मनीष साहा, राष्ट्रीय समन्वयक, फीफासाथिटेक्नोप्रेन्योर्स, नई दिल्ली, अनुराग लाल, राज्य प्रमुख, छत्तीसगढ़, फीफासाथिटेक्नोप्रेन्योर्स, सहित कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी, सभी जिला ईकाइयों से एवं सभी व्यापारी संगठनो के पदाधिकारीगण एवं व्यापारीगण उपस्थित थे।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा की सर्वप्रथम कैट, डॉ. गजेंद्र, मनीष साहा, अनुराग लाल, उपस्थित कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी, सभी जिला ईकाइयों, व्यापारी संगठनो के पदाधिकारीगण एवं व्यापारीगण का हार्दिक अभिनन्दन करता हूॅ। आज कैट की प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन वृन्दावन हाल, सिविल लाईन्स में आयोजित कि गई थी। उन्होने आगे कहा कि उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिए व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक टेक्नोलॉजी भागीदार के रूप में मेटा के साथ देश भर में एक बड़ा राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। कैट और मेटा की यह साझेदारी व्यापारियों और व्यवसायों को अधिक व्यापक रूप से ग्राहक संख्यान का आधार बनाने, अपने व्यवसाय को बढ़ाने और भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में और भी योगदान देने में मदद करेगी। मेटा के अलावा, कैट भारत के व्यापारिक समुदाय को टेक्नोलॉजी कंपनियों को भी साथ में जोड़ेगा। भारत का वर्तमान बाज़ार आकार लगभग 8 बिलियन डॉलर का अनुमान है। वर्तमान में भारत में व्हाट्सएप पर 75 करोड़, फेसबुक पर 37 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 33 करोड़ उपयोगकर्ता हैं जो ई-कॉमर्स की तुलना में बहुत बड़ी संख्या है।

कैट प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला ईकाइयों का पुर्नगठन एवं विभिन्न सरकारी विभागों के लिए कैट की समिति गठन की जायेगी। व्यापारिक संगठनें के विस्तार के पर भी चर्चा की गई। बिलासपुर एवं दुर्ग ईकाई में युवा टीम का गठन किया गया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी साथी परियोजना, आईजीकेवी, रायपुर के डॉ. गजेंद्र ने साथी परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि देश के कृषकों की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत राज्य के प्रत्येक जिले मे तीन से पॉच एकड़ भूमि में साथी बाजार स्थापित किये जाएँगे। साथी बाजार के संचालन हेतु 13 जिलों में भूमि चिन्हांकन का कार्य किया जा चुका है। साथी बाजार संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी का गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जाएगा। कैट के प्रदेश युवा अध्यक्ष अवनीत सिंह ने बताया कि व्यापार अब कैसे ई कॉमर्स से सोशल कॉमर्स की ओर जा रहा है इसके साथ ही बदलते व्यापार में भविष्य का व्यापार कैसा होगा आर्टीफिसीयल इन्टेलीजेन्स एवं चैट जीपीटी से कैसे व्यापारी लाभ ले सकते है। उन्होने आगे कहा कि कैसे नेटवर्किंग बिज़नेस के माध्यम से करोड़ों रुपये का कारोबार कर वोकल फॉर लोकल को चरितार्थ किया जा रहा है साथ ही मेटा एवं कैट मिलकर देशभर के व्यापारियों को नि:शुल्क ट्रेनिंग देकर डिजिटल इंडिया को साकार कर रहा है।

प्रादेशिक सभा एवं स्नेह सम्मेलन में मुख्य रूप से अम्बिकापुर, रायगढ, बिलासपुर, दुर्ग, कांकेर, राजनांदगांव, अभनपुर, सराईपाली, कवर्धा, धमतरी, तिल्दा, भाटापारा, महासमुंद, चांपा सहित प्रदेश के सभी इकाईयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय व्यापारी संगठनों में छत्तीसगढ़ कम्प्यूटर मिडिया एण्ड डीलर्स एसोसियेशन, रायपुर आयरन एण्ड स्टील ट्रेड एसोसियेशन, नर्मदापारा व्यापारी संघ, अंवती विहार व्यापारी संघ, रायपुर प्लायवुड ट्रेड एसोसियेशन, श्री राम थोक सब्जी विक्रेता समिति, डुमरतराई व्यापारी कल्याण महासंध, रायपुर होलसेल होजियारी एण्ड रेडीमेड डीलर्स एसोसियेशन, आलू प्याज अढतिया संघ, छत्तीसगढ शुगर ट्रेड एसोसियेशन, कटोरा तालाब व्यापारी संघ, छत्तीसगढ साबुन निर्माता संघ, रवि भवन व्यापारी संघ,छत्तीसगढ ग्लास एसोसियेशन, रायपुर सायकल मचेन्ट एसोसियेशन, छत्तीसगढ प्लास्टिक निर्माता एवं विक्रेता संघ, जीवन बीमा मार्ग व्यापारी संघ, रायपुर डोर एसोसियेशन, महादेव रोड व्यापारी संघ, द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ, लालगंगा शॉपिंग माल एसोसियेशन, रायपुर ऑप्टिकल व्यापारी वेलफेयर एसोसियेशन एवं छ.ग. रेस्टोरेन्ट एण्ड कैफे एसोसियेशन आदि।

## जीई फाउंडेशन ने एनआरसी में दिए कंबल और फल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सामाजिक संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की और से पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) अहिवारा में इस भीषण ठंड में राहत के लिए कंबल और बच्चों के लिए फल का वितरण मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में किया गया।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में अति कुपोषित बच्चों का प्रबंधन खानपान व देखरेख के माध्यम से किया जाता है, साथ ही चिकित्सीय सुविधा भी एक ही जगह पर उपलब्ध हो जाती है। वहीं माताओं को गंभीर बच्चों के देखभाल के लिए प्रोत्साहित और तैयार किया जाता है ताकि वे घर में भी गंभीर कुपोषित बच्चों की देखरेख में सक्षम हो सके। पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भर्ती करने पर माताओं के बैंक खाते पर 150 रू के हिसाब से पंद्रह (15) दिन की राशि 2250/ रुपये दी जाती हैं ताकि माता के मजदूरी का नुकसान न हो।

जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि उनके संस्थान की ओर से इस केंद्र में लगातार सेवाकार्य किया जा रहा है। जिसमें इसके पहले यहां एक्जास्ट फैन, सुपोषण किट और प्रोटीन पावडर का वितरण भी किया गया है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्रीमती रंजना ठाकुर, अहिवारा पर्यवेक्षक श्रीमती विद्या ताम्रकार, संध्या परगनिहा, कुसुम वर्मा वह डॉक्टर आकांक्षा परगनिहा और एनआरसी प्रभारी रेणुका साहू सहित जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लई व अन्य मौजूद थे।

## बाबा घासीदास के बताएं मार्ग पर चलकर होगा समृद्ध-खुशहाल राष्ट्र का निर्माण : बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर के विभिन्न छात्रावास में आयोजित बाबा घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा घासीदास के पदचिन्हों पर चलने तथा उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही।



इस दौरान उन्होंने शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पेंशन बाड़ा में लाइब्रेरी और कंप्यूटर के लिए 5 लाख रुपए एवं टिकरापारा छात्रावास रायपुर में ई-लाइब्रेरी के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। छात्रावास में आयोजित बाबा घासीदास जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ बृजमोहन अग्रवाल ने बाबा घासीदास के तैल चित्र और जैतखाम पर पुष्प अर्पित कर और पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि बाबा घासीदास ने सामाजिक समरसता की सीख हमे दी है। उन्होंने छुआ-छूत,मदिरा-मांस के सेवन का विरोध किया। उनके मनखे मनखे एक समान के विचार ने समाज को एक नई दिशा दी और भेदभाव समाप्त करने में कारगर साबित हुआ। उन्होंने कहा कि अगर हम स्वच्छ और सुंदर समाज की स्थापना करना चाहते हैं तो हमें बाबा घासीदास के बताए हुए रास्तों पर भी चलना चाहिए। उनके बताएं मार्ग पर चलकर ही हम समृद्ध और खुशहाल राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। इस समारोह में छात्रावास में पढ़ने वाले विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों सहित नागरिक उपस्थित थे।

## राजनांदगांव में 8 लाख से अधिक लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब हितग्राही अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड मोबाईल एप के माध्यम से स्वयं निरूशुल्क बना सकते हैं। इसके लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड दस्तावेज की आवश्यकता होगी। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप एवं आधार फेस आईडी एप को डाउनलोड कर लें। इसके बाद आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जायें और बेनिफिसरी विकल्प को चुने। फिर अपना मोबाईल नंबर दर्ज करें एवं ओटीपी डालकर लॉगिन करें। स्टेट छत्तीसगढ़ व स्कीम राशन कार्ड विकल्प का ही चयन करें। सर्च बाय में डिस्ट्रिक में अपना जिला चुने और फैमिली आईडी में राशन कार्ड नंबर दर्ज कर सर्च करें।

परिवार के सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी, जिन सदस्यों का नाम हरा रंग में होगा, उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है एवं जिन सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा उनका कार्ड बनाना होगा। उनके नाम के सामने डू ई-केवाईसी विकल्प प्रदर्शित होगा। डू ई-केवाईसी विकल्प का चयन करें आगे आधार प्रमाणीकरण व सत्यापन हेतु 4 विकल्प आधार ओटीपी, फिंगर प्रिंट, ईरिस स्कैन व फेस एयेंटिफिकेशन प्रदर्शित होंगे। यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर उपलब्ध हैं, तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें और यदि आधार से लिंक मोबाईल नंबर उपलब्ध नहीं हो तो फेस एयेंटिफिकेशन विकल्प का चयन करें। यदि आपके पास फिंगर प्रिंट बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध हैं, तो फिंगर प्रिंट विकल्प का चयन कर आधार प्रमाणीकरण पूर्ण कर ले। आधार प्रमाणीकरण के बाद कैप्चर फोटो विकल्प पर जाकर अपना क्लोजअप फोटो कैप्चर करना होगा। इसके पश्चात पता व मोबाईल नंबर की जानकारी भर कर सबमिट बटन पर क्लिक करें। इस प्रकार सबमिट करते ही आपका केवाईसी पूर्ण हो जाएगा। केवाईसी एयेंटिफिकेशन अप्रूवल हो सकता है। एयेंटिफिकेशन अप्रूवल होने पर कार्ड डाउनलोड करें। एयेंटिफिकेशन अप्रूवल नहीं होने पर अप्रूवल होने की प्रतीक्षा करें।

## रबी फसल के लिए 10 जनवरी से मिलेगा पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ऋचा की अध्यक्षता में रबी सिंचाई वर्ष 2024 का कार्यक्रम निर्धारण के लिए जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में रबी वर्ष 2024 के सिंचाई कार्यक्रम, रबी वर्ष 2024 लक्ष्य सिंचाई निर्धारण, रबी फसल के लिए आवश्यक खाद, बीज, कीटनाशक आदि जलाशयों में उपलब्धता जल भराव, फसल का लक्ष्य निर्धारण बैठक में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, जल संसाधन विभाग के जलाशय व अन्य रकबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने एवं कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कृषि, मार्कफेड एवं बीज निगम के अधिकारियों को खाद, बीज एवं कीटनाशक की आवश्यकता का आंकलन कर आवश्यकता के अनुसार भंडारण करने तथा समय पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2024 हेतु 10 जनवरी 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक कृषकों की मांग के अनुसार पानी प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया है।

## अतिक्रमण हटाने के बाद भी राजस्व अमला रखे नजर, ताकि दोबारा ना हो अवैध कब्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेजी से जारी है। कानून व्यवस्था को लेकर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने कार्रवाई को तेज करते हुए सभी अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।




बैठक में उन्होंने एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद खाली भूमि-जगह पर निरंतर नजर रखने को भी कहा, ताकि उस जगह पर दोबारा अवैध कब्जा ना हो। कलेक्टर ने अवैध रूप से संचालित किए जा रहे चखना सेंटरों पर कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें वापस खुलने नहीं देना सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने शहर के भीतर सड़कों के किनारे और राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चल रहे ढाबों और होटलों के बाहर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि वाहनों के साथ-साथ ऐसे सभी ढाबा और होटल संचालकों पर भी कार्रवाई की जाए, जिनके कारण यातायात व्यवस्था अवरूद्ध होती हो। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी सहित अपर कलेक्टर द्वय बी.बी. पंचभाई एवं बी.सी. साहू, एडीएम श्री एन.आर. साहू, पुलिस अधिकारी, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की सूचना संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने दुकानों के बाहर सड़क तक सामान रखकर बेचनें वाले दुकानदारों के विरूद्ध भी कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि ऐसे दुकानदारों को एक बार चेतावनी देकर दूसरी बार सामान जब्ती की कार्रवाई की जाए। उन्होंने शहर में चल रहे ऑटो और रिक्शाओं के व्यवस्थित संचालन पर जोर दिया।







खास खबर...



## प्रदेश में अब तक 38.88 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी, 8.55 लाख किसानों ने बेचा धान

कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा 22.90 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर एक नवम्बर 2023 से धान खरीदी जारी है। अब तक राज्य के 8 लाख 55 हजार से अधिक किसानों से 38 लाख 88 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 2 हजार 739 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा अपेक्स बैंक को अब तक कुल 9 हजार 463 करोड़ रुपए जारी किया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

राज्य में इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। धान बेचने के लिए 26.86 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत रकबा 33.15 लाख हेक्टेयर है। इस साल धान बेचने के लिए 2.59 लाख नवीन किसानों ने पंजीयन कराया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 38.88 लाख मीट्रिक टन धान में से 31.46 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 22.90 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 19 दिसम्बर को लगभग 62 हजार से किसानों से 2.57 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। आज की धान खरीदी के लिए 79 हजार से अधिक टोकन जारी किए गए थे। इनमें टोकन तुंहर हाथ एप के तहत 32 हजार से अधिक टोकन ऑनलाइन जारी किए गए थे।

## दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में विद्यासागर महाराज का मंगल प्रवेश

**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर मालवीय रोड के मैनेजिग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरुकृपा एवं अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया कि दिगंबर जैन बड़ा मंदिर रायपुर के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इसका निर्माण 150 वर्ष पूर्व किया गया था। यहां 18 दिसंबर को शाम 5 बजे आचार्य विद्यासागर महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर समस्त जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।

विदित हो कि आचार्य विद्यासागर महाराज का पावन वर्षायोग मंगल चातुर्मास इस वर्ष छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी क्षेत्र में हुआ था, जहा आचार्यश्री के मार्गदर्शन व मंगल आशीर्वाद से भव्य चंद्रगिरी तीर्थ स्थान का निर्माण वर्तमान में बड़ी तेजी से चल रहा है। डोंगरगढ़ चंद्रगिरी से सड़क मार्ग द्वारा पदयात्रा विहार कर आचार्यश्री रायपुर जिले के तिल्दा में पीले पत्थरो से नवनिर्मित भव्य मंदिर का पंचकल्याणक प्राण प्रतिष्ठा सम्पूर्ण कर सोमवार को रायपुर के मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन बड़े मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में मूलनायक आदिनाथ भगवान के दर्शन कर रात्रि विश्राम किया। मंगलवार को को सुबह 10 बजे आचार्यश्री की आहार चर्या के निकले। आज की आहार दान का सौभाग्य इंद्र कुमार, अनिल कुमार, सतीश गिरीश जैन भाटापारा वालो को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे आचार्य भगवन के मुखाग्र बिंदु से प्रवचन का वाचन किया गया साथ ही बड़े मंदिर में बनाए जाने वाले भव्य मंदिर का भूमिपूजन अचार्यश्री के मार्गदर्शन पर ब्रह्मचारी विनय बंडा द्वारा संपन्न हुआ। बड़े मंदिर में निर्माण किए जाने वाले मंदिर में जैसलमेर के पीले पत्थरो से 171 फुट ऊंचे शिखर का 3 मंजिला मंदिर त्रिकाल चौबीसी सहस्त्रकुट जिनालय का भव्य निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। राजधानी के हृदय स्थल मालवीय रोड में पीले पाषाण से निर्मित किए जाने वाले भव्य मंदिर के निर्माण से समस्त समाज में बहुत हर्ष का वातावरण है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ रहे ग्रामवासी, योजनाओं का मिल रहा लाभ

### हेल्थ कैम्प लगाने के साथ केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की दे रहे जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने और योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्ति के लिए उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह सफर रायगढ़ जिले में भी निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-साजापाली एवं जमाबीरा, घरघोड़ा के कोसमघाट एवं पूरी, लैलूंगा के मुड़ागांव एवं कोड़ासिया, रायगढ़ के पंडरीपानी पूर्व एवं गोपालपुर तथा तमनार विकासखण्ड के ग्राम-उरबा एवं पेलमा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यहां मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाये गये थे। जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच के साथ सिकल सेल के मरीजों की भी जांच की गई। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र वितरित किए गए। मौके पर लोगों ने स्वच्छता की शपथ भी ली।



#### लाभान्वित हितग्राहियों ने साझा किये अपने अनुभव

कार्यक्रम में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये। कोसमघाट की शारदा राठिया का कहना कि ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों के लिए पक्के का मकान सपने जैसा होता है, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ और आज हमें इस शिविर के माध्यम से मकान का अभिनंदन पत्र भी जारी हो गया है। इसी तरह शिविर में आये जयराम राठिया ने बताया कि उसके घर में पहले शौचालय नहीं था, जिससे काफी कठिनाई होती थी। लेकिन आज केन्द्र सरकार की योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उनके घर में शौचालय की सुविधा हो गई। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को सहृदय धन्यवाद दिया। ग्राम-पूरी की कविता बेहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से उनके जीवन में समय की बचत के साथ-साथ धुएं से राहत मिली है। पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी, जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में आकर समस्त दस्तावेज जमा करने पर उन्हें तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हे खाना बनाने में आसानी होगी।

#### जिले के इन गांवों में पहुंचेंगी विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन

विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन आज 20 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-सिसरिंगा एवं सोहनपुर, वि.ख.घरघोड़ा के ग्राम-कुडुमकेला एवं पुसल्दा, वि.खं रायगढ़ के कोतरलिया एवं कोटमार, वि.ख.तमनार के गारे एवं सराईटोला शामिल है।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव लालपुर एवं अमरटापू धाम में गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

# गांवों व शहरों के विकास और सुशासन के लिए काम करेगी छत्तीसगढ़ सरकार: उप मुख्यमंत्री अरूण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव 18 दिसम्बर को देर शाम मुंगेली जिले के लालपुर तथा मोतिमपुर-अमरटापू धाम में आयोजित गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बाबा गुरू घासीदास मंदिर एवं जैतखाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्री साव ने प्रदेशवासियों को गुरू घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके संदेशों को रेखांकित किया।



उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि सत्य मनुष्य का आभूषण है। बाबा गुरू घासीदास जी ने मनखे-मनखे एक समान, करुणा, प्रेम, सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। यह बहुत प्रभावशाली संदेश है। बाबाजी के बताए सत्य के मार्ग पर चलकर सभी को अपना जीवन सफल बनाना है।

श्री साव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार गांवों व शहरों के विकास और सुशासन के लिए कार्य करेगी। ''छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'' का नारा पूरे हिन्दुस्तान में गूंजेगा। दोनों कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# नेशनल लोक अदालत में कुल 4 लाख 85 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं माननीय न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश में नालसा द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर तक सभी न्यायालयों में 16-12-2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं।

अवलोकनीय है कि सालसा के माननीय कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के द्वारा जिला न्यायालय धमतरी एवं कांकेर का भ्रमण कर उक्त लोक अदालत की कार्यवाही का निरीक्षण किया गया, इस दौरान उनके द्वारा न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों का लोक अदालत के प्रति उत्साहवर्धन किया गया साथ ही दाम्पत्य प्रकरणों के निराकरण पर पक्षकारों को पौधा प्रदान किया गया। उपरोक्त लोक अदालत में पिछले आयोजित तीन लोक अदालत की तुलना में सबसे ज्यादा कुल 4,85,813 प्रकरणों का निराकरण किया गया है जिसमें प्री-लिटिगेशन के 4,34,931 एवं लंबित मामलों के 50,882 प्रकरणों शामिल है जिसमें कुल 7 अरब, 89 करोड, 98 लाख 37 हजार 892 रुपये का अवार्ड पारित किया गया है।



इस लोक अदालत के संबंध में सालसा के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल के द्वारा यह भी बताया गया कि सालसा के द्वारा इस बार विशेष तौर से 5 वर्ष, 10 वर्ष से अधिक अवधि के तथा वरिष्ठजनों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किये जाने हेतु विशेष अभियान के तहत उक्त लोक अदालत में 5 वर्ष अवधि वाले 932, 10 वर्ष या उससे अधिक अवधि वाले 82 तथा वरिष्ठजन के 328 प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत किये गये हैं, जो कि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। ज्ञात हो कि मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में पूर्व आयोजित तीनों लोक अदालतों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, जिला न्यायाधीशों एवं फैमिली कोर्ट न्यायाधीश को सम्मानित करने के लिये सालसा द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप ही इस बार की लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है।

गौरतलब है कि नालसा के निर्देशानुसार वर्ष 2023 के प्रथम नेशनल लोक अदालत 11-2-2023 में कुल 311607, द्वितीय नेशल लोक अदालत 13-5-2023 में कुल 394573 तृतीय नेशनल लोक अदालत दिनांक 09-09-2023 में 4,72,177 प्रकरणों का निराकरण किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि प्रत्येक लोक अदालतों में निराकृत प्रकरणों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है।

# 25 दिसंबर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सभी जिलों के जनपद और ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी



ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से एक सप्ताह तक चलेगा स्वच्छता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राज्य के सभी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलन पश्चात् उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव श्री साहू ने कलेक्टरों से कहा है कि सुशासन दिवस के आयोजन के लिए अपने-अपने जिलों के समस्त जनपद और ग्राम पंचायतों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किया जाए और सुशासन दिवस मनाने के लिए कार्यक्रम की पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही आयोजित कार्यक्रम के फोटोग्राफ एवं पालन प्रतिवेदन संचालक, पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, नया रायपुर को भेजा जाए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# चेहरे पर नेचुरल ब्लश के लिए मेकअप के बाद लगाएं इन फलों को, ऐसे करें इस्तेमाल?

बाजार से खरीदे गए ब्लश में अक्सर कई प्रकार के केमिकल्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं, जिनसे हमारी स्किन पर बुरा असर पड़ता है। इन केमिकल्स की वजह से ब्लश लगाने पर स्किन पर एक परत लग जाती है, जिससे चेहरे का नैचुरल लुक खत्म हो जाता है।ये ब्लश स्किन पर चमक तो देते हैं, लेकिन उन्हें लगाने के बाद चेहरा बहुत ज्यादा मेकअप वाला लगने लगता है। इसके अलावा, इनमें नेचुरल कलर न होकर फ्लोरल पिंक, रेड या पीच जैसे बोल्ड कलर्स का इस्तेमाल किया जाता है जो स्किन पर बहुत ज्यादा नोटिसेबल हो जाते हैं। इसलिए, अगर आप चाहते हैं कि आपका मेकअप नैचुरल लगे तो बाजार के ब्लश की जगह घर पर बनाए गए नैचुरल ब्लश का इस्तेमाल करें। ये हलके रंग के होते हैं और स्किन को नुकसान नहीं पहुंचाते। आइए जानते हैं किन फलों का इस्तेमाल कर नेचुरल ब्लश बना सकते हैं।।



## चुकंदर का ब्लश

सभी जानते हैं कि चुकंदर खाना कितना फायदेमंद होता है। और इसे चेहरे पर लगाने से रंग निखर जाती है। गालों को हेल्दी और गुलाबी बनाने के लिए आप चुकंदर का ब्लश बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक प्राकृतिक तरीका है जिससे गालों पर कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। पुराने समय में महिलों मेकअप नहीं करती थी वह नेचुरल तरीके से अपना सौंदर्य को बढ़ती थी। चुकंदर का इस्तेमाल अपने गालों को लाल रंग देने के लिए करती थी। आइए यहां जानते हैं चुकंदर का ब्लश कैसे बनाएं।

- सबसे पहले चुकंदर को अच्छी तरह धोकर छीलिए
- इसको कद्दूकस करके पतली फलियों में काट लें और धूप में सुखा लें।
- जब चुकंदर मिक्सी के जार पीस लें जिससे की एक महीन पेस्ट तैयार हो जाए।
- अब इसमें थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाइए और अच्छी तरह मिला लीजिए।
- आपका नैचुरल ब्लश तैयार है, जिसे आप किसी छोटे कंटेनर में स्टोर कर सकते हैं।
- इस तरह घर पर बनाया गया ब्लश 100 प्रतिशत नैचुरल और केमिकल फ्री होता है साथ ही बेहद असरदार भी।
- चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स त्वचा को निखारते हैं।
- इसके अलावा, चुकंदर से बना ब्लश लंबे समय तक चिपचिपा नहीं रहता।

## गाजर का ब्लश

अगर आप अपने गालों पर हल्का सा पीची रंग चाहते हैं, तो गाजर से बना घरेलू नैचुरल ब्लश आपके लिए बिल्कुल सही होगा। इसे बनाना भी बेहद आसान है। यह 100 प्रतिशत नैचुरल और कैमिकल-फ्री ब्लश आपके गालों को नैचुरल ग्लो देगा।

- सबसे पहले नारंगी रंग की गाजर लें और इसे अच्छी तरह धो लें।
- अब गाजर को कद्दूकस करके पतली फलियों में काट लें और धूप में सुखा लें।
- सूखी हुई गाजर की फलियों को मिक्सी जार में डालकर अरारोट के साथ अच्छी तरह पीस लें।
- आपका गाजर का घरेलू नैचुरल ब्लश तैयार है, जिसे आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रख सकते हैं।

## कॉफी विद करण 8 के नए मेहमान बनेंगे रोहित शेट्टी और अजय देवगन



करण जौहर का लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण 8 अपने पहले एपिसोड से जबरदस्त चर्चा में है। पिछले एपिसोड में आदित्य रॉय कपूर और अर्जुन कपूर शो में दिलचस्प खुलासे करते नजर आए। अब आगामी एपिसोड के मेहमानों का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी है।दरअसल, निर्माता ने कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है। इस सप्ताह निर्देशक रोहित शेट्टी लोकप्रिय अभिनेता अजय देवगन के साथ नजर आएंगे।

प्रोमो वीडियो में करण, निर्देशक और अभिनेता (रोहित और अजय) की इस सुपरहिट जोड़ी से ढेर सारी बातें करते नजर आ रहे हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो साझा किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, निर्देशक और अभिनेता की जोड़ी काउच की शोभा बढ़ाने के लिए आ रही है। कॉफी विद करण 8 के आगामी एपिसोड में अजय देवगन और रोहित शेट्टी को देखें। यह एपिसोड 21 दिसंबर को डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

मौजूदा वक्त में रोहित और अजय अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।

## विद्युत जामवाल की क्रैक का शानदार टीजर हुआ रिलीज, हैरतअंगेज स्पोर्ट्स स्टंट से भरपूर फिल्म 23 फरवरी को होगी रिलीज

**कमांडो, खुदा हाफीज और फोर्स जैसी फिल्मों में अपने एक्शन सींस से हैरान करने वाले विद्युत जामवाल एक बार फिर बड़े पर्दे पर मारधाड़ करते दिखाई देंगे। आगामी फिल्म क्रैक में विद्युत के धमाकेदार एक्शन की एक झलक दिखाई दी है।**



आदित्य दत्त के निर्देशन में बनी फिल्म क्रैक अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। विद्युत के एक्शन के दीवाने फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फाइनली फिल्म की एक झलक सामने आ गई है। जी हां, विद्युत ने सोशल मीडिया पर क्रैक का धांसू टीजर रिलीज किया है।

क्रैक के टीजर की शुरुआत ही एक्शन से होती है। प्लेन से नीचे कूदने वाला सीन हो या फिर दुश्मनों के साथ खतरनाक फाइटिंग, फिल्म का टीजर शानदार लग रहा है। फिल्म में डायलॉग भी दमदार है। विद्युत कहते दिखे, जिंदगी तो साला सबके साथ ही खेलती है, लेकिन असली प्लेयर वही है, जो जिंदगी के साथ खेले। डर नहीं, डेयरिंग से खेलता हूं और दिमाग से थोड़ा क्रैक हूं। टीजर में अर्जुन रामपाल की भी झलक दिखाई गई। वह फिल्म में विद्युत जामवाल के दुश्मन के रूप में दिखाई दे सकते हैं। उनका खतरनाक लुक भी फैंस को पसंद आया। टीजर में वह डायलॉग बोलते नजर आए, इस गेम का सिर्फ एक रूल है, जो जीतेगी वो जिएगा। टीजर में नोरा फतेही भी नजर आईं। फिल्म में एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में हैं, लेकिन वह वीडियो में दिखाई नहीं दीं।

बता दें कि क्रैक अगले साल 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आदित्य दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ फिल्म की कहानी भी लिखी है। नोरा फतेही की जगह पहले लीड रोल में जैकलीन फर्नांडिज थीं, लेकिन ऐन मौके पर वह फिल्म से बाहर हो गईं।

## मौनी रॉय ने व्हाइट बिकिनी में मारे किलर पोज, वायरल हुईं लेटेस्ट फोटोज

टीवी सीरियल अभिनेत्री मौनी रॉय अपनी बोल्डनेस से फैंस के दिलों की घंटी बजा देती हैं। अदाकारा इन दिनों अपने एडल्ट शो टेंपटेशन आयरलैंड को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां एक्ट्रेस की बोल्ड इमेज खूब चर्चा बटोरती है। अदाकारा मौनी रॉय ने अब हाल ही में व्हाइट बिकिनी में अपनी बोल्ड बिकिनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छा गईं। टीवी सीरियल अदाकारा मौनी रॉय ने हाल ही में पूल में उतरकर बोल्ड तस्वीरें क्लिक करवाईं। अदाकारा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही छा गईं। सामने आईं इन तस्वीरों में अदाकारा मौनी रॉय पूल में उतरकर नॉटी अंदाज में तस्वीरें क्लिक करवाती दिखीं। मौनी रॉय ने व्हाइट बिकिनी में किलर पोज तस्वीरें क्लिक करवाईं। अदाकारा की ये तस्वीरें फैंस के बीच आते ही छा गईं। मौनी रॉय ने ऑरेंज टायर पकड़कर तस्वीरें क्लिक करवाईं। ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छाने लगीं। मौनी रॉय की ये तस्वीरें देख उनकी खूबसूरती की तारीफें करते दिखे। अदाकारा की इन तस्वीरों पर लोग जमकर कमेंट्स करते दिखे। अदाकारा मौनी रॉय ने पूल में उतरकर इस दौरान बोल्ड तस्वीरें क्लिक करवाईं। मौनी रॉय ने पूल में उतरकर भीगे बदन कई सारी तस्वीरें क्लिक करवाईं। उनकी ये तस्वीरों सोशल मीडिया पर आते ही छा गईं।



## सूर्या की कंगुवा 38 भाषाओं में होगी रिलीज, ऐसा करने वाली पहली तमिल फिल्म

**सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बन रही फिल्म कंगुवा का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार दिशा पाटनी के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।**

वहीं, फैंस इस फिल्म के विलेन को लेकर एक्साइटेड हैं। फिल्म में लीड हीरो-हीरोइन का खुलासा पहले ही हो चुका है। इसमें विलेन का किरदार निभाने वाले एक्टर को लेकर फैंस के बीच हलचल है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। बॉबी की फिल्म में मौजूदगी इसे पैन इंडिया बनाने में मदद करेगी। ताजा खबर यह है कि कंगुवा को लगभग 38 भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

कंगुवा के 3डी और आईमैक्स संस्करण भी सिनेमाघरों में रिलीज होगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। कंगुवा अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। फिल्म में सूर्या कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए पोस्टर में साफ दिख रही है। इसमें भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन योगी बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



हालांकि मेकर्स ने कंगुवा की रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है। टीजर में मेकर्स ने बताया कि इसे अगले साल (2024) की शुरुआत में रिलीज किया जाएगा। वहीं, सैकनिल्क ने दावा किया है कि सूर्या और दिशा पाटनी स्टारर यह फिल्म 12 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।

## वामिका गब्बी ने वरुण धवन के साथ वीडी18 की शुरू की शूटिंग

**अभिनेत्री वामीका गब्बी ने 2024 की तैयारी एक शानदार शुरुआत से की है, उन्होंने वीडी18 की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें 2023 के सबसे सफल फिल्म निर्माता एटली द्वारा निर्मित और मुराद खेतानी द्वारा सह-निर्मित प्रोजेक्ट में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश के साथ अभिनय करते नजर आयेगी।**



वीडी18 का निर्देशन तमिल उस्ताद कलीस ने किया है, जिसने आगामी वर्ष में अपनी रिलीज की योजना के साथ पहले से ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर उत्साह और चर्चा का माहौल बना दिया है। वामिका, जो वर्तमान में अपनी शूटिंग प्रतिबद्धताओं के लिए मुंबई और कोच्चि के सुंदर परिदृश्यों के बीच अपने व्यस्त करियर के हर पल का आनंद ले रही है।

एक बयान में, वामीका गब्बी ने साझा किया, वीडी18 का हिस्सा बनना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव है। एटली सर के दूरदर्शी निर्देशन में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश जैसी असाधारण प्रतिभाओं के साथ जुड़ना एक रचनात्मक यात्रा है जिसे देखने के लिए मैं उत्सुक हूं। मैं हमेशा 2023 का आभारी रहूंगी,

यह वह वर्ष है जो मेरे जीवन में नई शुरुआत की ओर ले गया है। और अब मेरे अगले सेट पर होने के साथ वर्ष का अंत करना वास्तव में नए वर्ष के लिए शुभ है। यह ऐसे क्षण हैं जो मुझे याद दिलाते हैं की मैं जो करती हूं वह मुझे पसंद है और स्क्रीन पर हम जो जादू पैदा कर रहे हैं उसे देखने के लिए दर्शकों का इंतजार नहीं कर सकती।

## सर्दियों में इस तेल से करें शिशु की मालिश, शरीर रहेगा गर्म



दादी-नानी को आप ने करते सुना होगा कि मालिश से शरीर मजबूत बनता है और बच्चे का विकास अच्छी तरह से होता है। ऐसे में लोग शिशु का मालिश करना शुरू कर देते हैं लेकिन आपको मौसम के हिसाब से बच्चे की मालिश करने के लिए तेल चुनना चाहिए। आइए जानते हैं की ठंड में कौन सा तेल शिशु के लिए फायदेमंद होगा। सर्दियों के मौसम में बच्चों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है। ठंड की वजह से बच्चों का शरीर कमजोर हो सकता है और वे आसानी से बीमार भी पड़ सकते हैं। ऐसे में माता-पिता को ऐसा तेल चुनना चाहिए जिसमें विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे गुण हों, जो बच्चों के शरीर को अंदर से गर्म रख सकें। इन तेलों से रोजाना मालिश से बच्चों की त्वचा भी मुलायम और स्वस्थ बनी रहे।आइए जानते हैं सर्दियों में बच्चों का मालिश किन तेलों से करें।

### सरसों का तेल

सर्दियों के मौसम में सरसों का तेल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ई, विटामिन ए और ओमेगा 3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करका है। सर्दियों में सरसों के तेल से नियमित रूप से मालिश करने से हमारी त्वचा गर्म, मुलायम और नरम बनी रहती है। यह हमारे शरीर को हाइड्रेट भी रखता है जिससे सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं। इसके अलावा, यह जोड़ों के दर्द से भी राहत दिलाता है। इसलिए, सर्दियों में सरसों का तेल शरीर बच्चों के मालिश के लिए एक अच्छा ऑप्शन है।

### जैतून का तेल

जैतून का तेल बच्चों के मालिश के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। जैतून के तेल मे बहुत सारे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो हमारी त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। साथ ही इसमें विटामिन ई और विटामिन ए की भरपूर मात्रा होती है जो हमारे शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं। सर्दियों में जैतून का तेल स्किन और हेयर दोनों के लिए बहुत फायदेमंद है। इस तेल से नियमित मालिश करने से त्वचा मुलायम,चमकदार और हाइड्रेटेड रहती है।

### बादाम का तेल

बादाम का तेल बच्चों की मालिश के लिए सर्दियों में बेहद फायदेमंद साबित होता है। बादाम के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये गुण बच्चों की त्वचा को नरम और मुलायम बनाए रखने में मदद करते हैं।साथ ही, बादाम के तेल से मालिश करने से बच्चों का शरीर अंदर से गर्म रहता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओं अभियान अंतर्गत पीपीटी के माध्यम से दी गयी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत पीपीटी के माध्यम से अभियान की जानकारी दी गयी। इसके तहत अवगत कराया गया कि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर के जिले के बेटियों और महिलाओं को स्वस्थ्य व सुरक्षित व्यवहारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। एवं छात्राओं को घरेलू हिंसा से बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ रिफरल तंत्र चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन न. 1098 व 112 तथा महिला हेल्पलाइन न. 181 के साथ पुलिस सहायता हेल्पलाइन न. 100 उपलब्ध है। ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान'' का लक्ष्य लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना और उनके प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता में बदलाव लाना है, साथ ही बताया गया कि बालिकायें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। इससे हर लड़की को आगे बढ़ने के लिए एक समान-समाज की रचना सुनिश्चित करने और उसके प्रयासों को पुरुषों के समान अवसर मिले सकेगी। इस मौके पर कलेक्टर ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान अंतर्गत कुपोषण एवं मानसिक अवसाद से ग्रसित किशोरियों के चिन्हांकन और उनके कॉउन्सलिंग तथा उपचार हेतु प्रभावी कदम और रणनीति बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे संबंधित सभी विभाग जैसे समाज कल्याण शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय के साथ इस अभियान को गति देवें। इस मौके पर बैठक में डीएफ्ओ सागर जाधव, जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधायें द्वारा, 21 से 23 दिसम्बर 2023 तक तीन दिवसीय एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन, मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार द्वारा 21 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे किया जायेगा। इस आयोजन में सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली से चीफ ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स डॉ चिन्मय समजदार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। यह आयोजन, भिलाई निवास के एमपी हॉल में किया जा रहा है, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के अलावा, 7 अन्य इस्पात संयंत्रों डीएसपी, इसको, आईएसपी, एसएसपी, आरआईएनएल, आरएसपी, टाटा स्टील प्लांट की टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह प्रतियोगिता शतरंज फैडेरेशन ऑफ इंडिया के नियमानुसार खेली जायेगी।

केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण

# जिले के 6 ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना से मिले रुपयों से मैं अपने छोटे से पार्लर को बड़ा और सुन्दर बनाउंगी, मेरा पार्लर - मेरा घर विकसित होगा, तभी तो बनेगा विकसित भारतश, चहकते हुए कहा आरंग की सेवती वर्मा ने। श्रीमती वर्मा और अन्य महिलाएं ऋण और अन्य योजनाओं हेतु आवेदन देने, आरंग के नरदहा गाँव में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर में आई थी।




उल्लेखनीय है की रायपुर जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पूरी गति से चल रही है और हर दिन विभिन्न क्षेत्रों एवं गांवो में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इनके क्रियान्वयन की गति को तेज करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज अभनपुर के भुरका एवं भुतहीडीह में, आरंग के नरदहा एवं सेमरिया में और तिल्दा के बेमता एवं भूमिया गाँव में शिविर का आयोजन किया गया था।

शिविर में पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर शिविर में आए ग्रामीणों की स्वास्थ्य जॉच भी की गई।

कार्यक्रम में आए ग्राम सेमरिया के रोहित साहू ने बताया कि उन्होंने अपने जीवनकाल में पहली बार ऐसा शिविर देखा जहां एक ही छत के नीचे कई विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही थी। उन्होंने अपने बेटे पूरब साहू का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन देते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन और होना चाहिए। जिले भर में आज लगाये गए शिविरों में पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं हेतु 300 से भी ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से उज्ज्वला गैस कनेक्शन में आधार लिंक, जल जीवन मिशन में दिक्कतें इत्यादि में तुरंत निराकरण किया गया एवं अन्य आवेदनों को अग्रिम कार्यवाही हेतु पंजीकृत किया गया। शिविर में लगभग 600 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव भी साझा किया। उज्ज्वला योजना के तहत गैस का कनेक्शन पाने वाले सेमरिया गांव की धरमीन साहू ने बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी जिससे निकलने वाले धुए से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जुझना पड़ता था। गैस कनेक्शन मिलन के बाद अब वे अपने पांच लोगों के परिवार के लिए नाश्ता और खाना आराम से बना लेती है। शिविर में वे अपने साथ अपनी कई सहेलियों को लेकर आयी थीए ताकि जरुरी दस्तावेज जमा करके वे भी जल्द ही उज्ज्वला गैस कनेक्शन पा सकें। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के हितग्राही श्री रामजी साहू ने कहा कि इस योजना के माध्यम से देश के किसानों का उत्थान होगा, जिससे देश आगे बढ़ेगा।

## सात पंचायतों में पहुंचा प्रचार वाहन, ग्रामीणों की रहीं उत्साह पूर्वक रही भागीदारी हितग्राही हो रहे हैं लाभान्वित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** देश में प्रधानमंत्री के मंशानुसार सभी राज्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज दंतेवाड़ा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के चारों विकासखंड दंतेवाड़ा में कांवड़ गांव, डुमाम, गीदम में फरसपाल, आलनार कुआकोंडा में श्यामगिरी, खुटे पाल तथा कटेकल्याण में धनीकरका पहुंचा और कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ के तहत उन्हें डिजिटल भू अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के तहत् हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में प्रारंभ हो चुकी है जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन किया गया।

## गजेंद्र यादव के निर्देशानुसार सिकोला भाटा ब्रिज पर डामरीकरण कार्य प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विगत दिनों दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के द्वारा सिकोला भाटा ब्रिज पर ब्रिज कारपोरेशन एवं पीडब्लयु अधिकारियों साथ निरीक्षण के दौरान उसके डामरीकरण एवं सूर्या होटल के पास से ग्रीन चौक तक नए ब्रिज के लिए प्रपोजल तैयार करने के लिए कहा गया था इसे लेकर आज ग्रीन चौक से सूर्या होटल तक ब्रिज के ऊपर चल रहे डामरीकरण का कार्य का निरीक्षण दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव द्वारा किया गया। साथ ही साथ इस कार्य को जल्दी पूरा करने का आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पीडब्ल्यूडी अधिकारी उरकुडे को दिया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि ग्रीन चौक हमारा शहर का हृदय स्थल है और वहां पर स्थित ब्रिज काफी पुराना हो चुका है जिसकी आयु लगभग 35 वर्ष पुराना है और जो आज की स्थिति में काफी जीर्ण शीर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के ईई को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है और



पिचिंग के कार्य को जल्द से जल्द खत्म करने को कहा है। शहर में यातायात का दबाव काफी बढ़ चुका है और शहर वासियों के मानसा के अनुरूप चौड़ा ब्रिज सूर्या होटल के पास से ग्रीन चौक तक नया ब्रिज का भी प्रपोज हमने तैयार कर लिया है जिसे लेकर जिलाधीश के साथ हमारी बैठक हो चुकी है और जल्द ही रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक के पश्चात सपना मूर्त रूप लेगा। निरीक्षण के दौरान उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पार्षद शिवेंद्र परिहार ,काशीराम कोसरे, साजन जोसेफ दिलीप साहू, उमेश यादव, अनिकेत यादव, प्रांजल सिंह नवीन पटेल, विजय खत्री उदय पाल उपस्थित रहे।

## केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के ऋण प्रकरणों का निराकरण जनवरी तक करें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**उत्तर बस्तर कांकेर ।** कलेक्टर शुक्ला ने आज जिला स्तरीय परामर्शदात्री व जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक लेकर जिले के विभिन्न बैंकों की शाखाओं में अलग-अलग योजनाओं के लंबित ऋण प्रकरणों की स्वीकृति का निराकरण जनवरी-2024 तक करने के निर्देश सभी बैंकर्स को दिए। उन्होंने विशेष तौर पर केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लम्बित मामलों पर फोकस करते हुए शीघ्रता से निराकृत करने के भी निर्देश उपस्थित बैंकर्स को दिए।




कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज शाम 4.30 बजे से आयोजित बैठक में उन्होंने बताया कि वर्तमान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का निचले स्तर पर क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों से फीडबैक लिया जा रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय सतत् मॉनिटरिंग हो रही है। भारत सरकार की ऐसी कई फ्लैगशिप योजनाएं हैं जो बैंक स्तर पर लंबित हैं। ऐसे उच्च प्राथमिकता वाले प्रकरणों का जल्द से जल्द से निराकरण कर ऋण स्वीकृति प्रदाय किया जाना अति आवश्यक है।

कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड ऐसी प्रमुख योजनाएं हैं, जिनकी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जा रही है। अतः सभी बैंकर्स इसे गंभीरता से लेते हुए प्रकरणों की प्र्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित बैंक प्रबंधकों पर नाराजगी जाहिर करते हुए अगली बैठक में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के निर्देश लीड बैंक प्रबंधक को दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने उद्योग व वाणिज्य विभाग, खादी ग्रामोद्योग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की योजनावार व शाखावार जानकारी देते हुए उनका जल्द से जल्द निबटारा करने विभागीय अधिकारियों से परस्पर समन्वय स्थापित करने के लिए कहा। बैठक में लीड बैंक मैनेजर ने बैंकवार एवं योजनावार ऋण प्रकरणों की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान नाबार्ड की पुस्तिका का विमोचन कलेक्टर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, नाबार्ड के जिला प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव

## विकसित छत्तीसगढ़ विकसित भारत 2047 विषय पर छात्र-छात्राओं ने बनाई शानदार रंगोली

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव के दूसरे दिन 03 स्पर्धाएं आयोजित की गई। खालसा कॉलेज, मालवीय नगर चैक, दुर्ग स्थित सूरी हॉल में आयोजित रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता में लगभग 50 से अधिक महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रंगोली स्पर्धा का विषय विकसित छत्तीसगढ़ विकसित भारत 2047 रखा गया था। प्रतिभागियों में अधिकांश छात्राएं थी जिन्होंने फूलों की पंखुड़िया, लकड़ी का बुरादा, अनाज के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। कुछ रंगोलियां तो ऐसे प्रतीत हो रही थी मानो जमीन पर कालीन बिछा हो। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को 02 घंटे समयावधि के अंदर अपने साथी के दोनों हाथों में हथेली से लेकर कोहनी तक मेंहदी लगानी थी। इस प्रतियोगिता में कोई विषय आबंटित नहीं किया गया था।

विभिन्न प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के हाथ में लगी हुए मेंहदी से समूचा हॉल ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों वहां कोई उत्सव चल रहा हो। प्रतिभागियों ने पर्यावरण, राधा कृष्णा, देषभक्ति, दुल्हा-दुल्हन आदि को मेंहदी के माध्यम से प्रदर्षित किया था। विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी प्रतिभागियों की कला की प्रषंसा करते हुए कहा कि निष्चित रूप से मैसूर-कर्नाटक में अयोजित होने वाली जोनल युवा उत्सव स्पर्धा में हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग की टीम बेहतर प्रदर्षन करेंगी।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार तीसरी प्रतियोगिता क्विज स्पर्धा में लगभग 25 टीमों ने हिस्सा लिया। सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई में आयोजित क्विज स्पर्धा में प्रत्येक महाविद्यालय की टीम में अधिकतम 04 विद्यार्थी हिस्सा ले सकते थें। प्रथम चरण में प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने के कारण लिखित प्रतियोगिता आयोजित हुई। लिखित प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 04 टीमों को फाइनल राउंड हेतु चयनित किया गया। इनमें सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई, डीएवी मॉडल कॉलेज, दुर्ग, सांदीपनी कॉलेज, अछोटी तथा सांई कॉलेज, सेक्टर 06 शामिल थें। ऑडियो विजुअल राउंड सहित विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रष्नों के माध्यम से आयोजित क्विज स्पर्धा के परिणाम विष्वविद्यालय द्वारा सभी प्रतियोगिताओं के समाप्ति के पश्चात् जारी किये जायेंगे। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार 20 दिसंबर को श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई में स्किट तथा लाइट वोकल (सुगम संगीत) प्रतियोगिता आयोजित होगी। 21 दिसंबर को के. पी एस स्कूल नेहरू नगर भिलाई, में एकल नृत्य एवं समूह नृत्य आयोजित होगी। 22 दिसंबर को शासकीय वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में पोस्टर मेकिंग, कोलाज, ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभ दिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय - सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी जन - जन तक शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का कार्य करें। इसके लिए पूर्व से उन गांवो में मुनादी का कार्य कराएं ताकि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होकर ग्रामीणजन अपनी मांग एवं समस्याओं संबंधित जानकारी दे सके और उनको शिविर के माध्यम से ही लाभान्वित किया जा सके।इसके अलावा संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपने अपने विभागों को स्टाल लगाकर केन्द्र सरकार की मुख्यतः 17 योजनाओं की जानकारी देने और लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत,प्रधानमंत्री आवास योजना,किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड,स्वच्छ भारत अभियान,जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना,जन धन योजना, सुरक्षा बीमा,जीवन ज्योति बीमा,अटल पेंशन योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की बात कही।साथ ही टीबी स्क्रीनिंग,सिकल सेल,एनीमिया उन्मूलन मिशन जैसी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।अब तक 7 शिविर का आयोजन किया जा चुका है।उन्होंने कार्यक्रम में योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करने पर उन्हें पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई - 3 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202310101600012**

**विषय : ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व**

**सन: 2023-24**

भिलाई प.ह.नं. 00004(हे.)

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - तहसीन रजा,

अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तहसीन रजा पिता कौनैन रजा निवासी भिलाई तह भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोकपदो एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र / EWS प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने आवेदन इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 22.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2023 को जारी किया जाता है।

PAWAN SINGH THAKUR
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील - भिलाई - 3

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### शादी का लालच देकर किया नाबालिग से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**कांकेर (ए)।** कोरर थानांतर्गत ग्राम धनेली के 20 साल के युवक ने नाबालिग को शादी का लालच देकर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसकी भनक लगते ही युवक फरार हो गया।

पुलिस ने युवक के मोबाइल के ट्रेस कर उसे इंदौर से गिरफ्तार किया। ग्राम धनेली के बजारू राम उसेंडी ने नाबालिग का दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। युवक लगातार धमकी देकर शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान युवती 5 माह की गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी परिजनों को होने पर 10 नवंबर 2023 को पीड़िता के पिता ने कोरर थाने में युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसकी जानकारी होते हुए युवक फरार हो गया था। कोरर निरीक्षक चाणक्य नाग के नेतृत्व में उप निरीक्षक तुलसी राम कोसिमा ने त्वरित कारवाई करते जांच शुरू की गई। युवक के मोबाइल को ट्रेस कर उसे इंदौर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### माजदा वाहन चालक ने चाचा-भतीजा को लिया चपेट में, चाचा की मौके पर मौत, लोगों ने किया चक्काजाम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। उरगा हाटी राजमार्ग पर ठेला लेकर बाजार से घर लौट रहे चाचा भतीजा को माजदा वाहन ने चपेट में ले लिया। चाचा की मौके पर मौत हो गई और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ भाग निकला। हादसे के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने देर रात तक चक्काजाम किया। अब उचित मुआवजे के साथ चालक की गिरफ्तारी की भी मांग की जा रही है। पुलिस के आश्वासन के बाद देर रात चक्काजाम खत्म हुआ। यह घटना करतला थाना अंतर्गत उरगा हाटी राजमार्ग स्थित नोनबिर्रा के पास की बताई जा रही है। करतला थानांतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी भागीरथी प्रजापति की मौत हो गई है।

### 600 नशीली टेबलेट के साथ 3 धराए 7 रुपए की गोली 200 रुपए में बेची

**धमतरी (ए)।** प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने ग्राहक ढूंढते शहर के 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 6 पैकेट प्रतिबंधित निरोशन नाइट्राज़ेपम (600 नग टेबलेट) जब्त हुई है, जिसकी कीमत 4260 रुपए है। युवक 7 रुपए की गोली 200 रुपए में बेच रहे थे। तीनों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

कोतवाली टीआई बृजेश तिवारी ने बताया कि 18 दिसंबर को सूचना मिली कि 3 व्यक्ति विंध्यवासिनी वार्ड स्थित एक होटल के पास नशीली दवा बेच रहे हैं। साइबर टीम के साथ कोतवाली टीम मौके पर पहुंची और नशीली टेबलेट जब्त की। हिरासत में लेकर तीनों युवकों को थाना लाया गया। तीनों ने नाम लक्की पिता सुरेश गिदवानी पुराना बस स्टैंड, संजय पिता श्रीचंद काजवानी बनियापारा वार्ड और गौरव पिता हीरालाल सोनी बनियापारा धमतरी निवासी बताया।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों ने मचाया उत्पात

# निर्माण कार्य में लगे वाहनों में लगाई आग मजदूरों को काम न करने की दी धमकी





**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है। सड़क निर्माण काम में लगी करीब 4 से 5 वाहनों को आग के हवाले कर दिया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने सड़क निर्माण काम में लगे मजदूरों को भी काम न करने की धमकी दी है। वारदात के बाद नक्सली जंगल की तरफ लौट गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स सर्च ऑपरेशन चला रही है। मामला भामरागढ़ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, भमरागढ़ के हिंदूर गांव में सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इस काम का नक्सली लगातार विरोध कर रहे हैं। आज बुधवार की सुबह अचानक जंगल की तरफ से करीब 10 से 12 की संख्या में नक्सली जंगल की तरफ से पहुंचे। जिन्होंने काम कर रहे मजदूरों को काम करने से मना किया। उनसे उनके मोबाइल फोन ले लिए। फिर निर्माण काम में लगी मिक्सचर मशीन, JCB, टैक्टर समेत अन्य वाहनों के डीजल टैंक फोड़कर उसमें आग लगा दी।

### मजदूरों को दी धमकी

वारदात के बाद नक्सलियों ने मजदूरों को धमकी भी दी है कि सड़क निर्माण का काम न करें। इसके बाद सारे नक्सली जंगल की तरफ लौट गए। कुछ देर बाद जब पुलिस को इस बात की जानकारी मिली तो जवान मौके पर पहुंचे। वाहनों में लगाई गई आग को बुझाया गया। बताया जा रहा है कि जिस तरफ नक्सली गए हैं उसी तरफ फोर्स भी निकली है। जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

### सुकमा में हुई मुठभेड़

सुकमा जिले में सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवानों ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया है। साथ ही मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से करीब 5 से 6 नक्सली घायल हुए हैं, जिन्हें उनके साथी मौके से लेकर भाग गए हैं। इस इलाके में भी फोर्स सर्चिंग कर रही है।

# पेड़ से टकराकर पलटी एंबुलेंस, चालक की मौत



**जशपुर (ए)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम साहीडांड़ जामडोड़ा के पास चरईडांड़-बतौली स्टेट हाइवे पर सोमवार की रात एबुलेंस पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में एंबुलेंस चालक की मौत हो गई, जबकि सहयोगी घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए बगीचा सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

संजीवनी 108 सेवा की एंबुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनजेड 4521 में अंबिकापुर से एक मरीज को कुनकुरी पहुंचाया गया था। कुनकुरी पहुंचाकर लौटने के दौरान सोमवार रात करीब 11:30 बजे एंबुलेंस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और एंबुलेंस सड़क किनारे एक पेड़ से टकराने के बाद पलट गई। हादसे की सूचना पर नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस में फंसे चालक और सहयोगी को बाहर निकालकर सीधे बगीचा अस्पताल भेजा। बगीचा अस्पताल में डॉक्टर ने चालक अमन कुशवाहा 22 वर्ष नवासी अंबिकापुर मूल निवास मणिपुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं सहयोगी मनु यादव का उपचार चल रहा है।

आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने पुलिस को दी सूचना प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ठंड की वजह से रात 11:30 बजे तक सड़क सुनसान थी और आसपास के ग्रामीण भी सो चुके थे। पर टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि लोगों की आंख खुल गई। बाहर निकलकर देखा तो एंबुलेंस वाहन दुर्घटनाग्रस्त मिला। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी गई।

# यूपी के बागपत में बंधक छत्तीसगढ के युवा सकुशल लौटे वीडियो जारी कर मांगी थी मदद, सीएम साय ने की पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में गन्ने के खेतों में काम कर रहे पहाड़ी कोरवा युवा सुरक्षित छत्तीसगढ़ लौट आये हैं। इन्होंने वीडियो बनाकर सहायता की अपील छत्तीसगढ़ सरकार से की थी। वीडियो पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन युवकों की सुरक्षित वापसी के लिए निर्देश जिला प्रशासन को दिये थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरगुजा जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पहाड़ी कोरवा युवाओं को सकुशल छत्तीसगढ़ लाने की कार्यवाही की।

गौरतलब है कि सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने युवकों की सुरक्षित वापसी के लिए तत्काल एसडीएम रवि राही को उत्तर प्रदेश के बागपत भेजा। राही ने बागपत जिला प्रशासन से सम्पर्क कर इन युवाओं को लेकर सरगुजा लौट आएं हैं। पांचों युवा संरक्षित जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा से हैं। पहाड़ी कोरवा राष्ट्रपति द्वारा संरक्षित जनजाति समूह हैं। ये युवा सरगुजा के मैनपाट क्षेत्र के गांव सुपलगा, परपटिया, चिरगा के निवासी हैं। इन युवाओं ने बागपत से लौटते वक्त एक वीडियो भी जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि सभी कुशलता से हैं और सरगुजा की प्रशासनिक टीम के साथ लौट रहे हैं। उन्होंने वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई कर उन्हें छत्तीसगढ़ लाने के निर्देश देने और अविलंब सहायता पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# समझाइश देने पहुंचे आरक्षक से भिड़ गए बदमाश, आपस में कर रहे थे मारपीट, केस दर्ज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेक्टर-9 हॉस्पिटल के पास के आपस में विवाद कर रहे तीन बदमाश पुलिस कर्मी से भिड़ गए। दरअसल इनके विवाद के दौरान भिलाई नगर थाने में पदस्थ आरक्षक उन्हें समझाइश देने लगा। तीनों को पुलिस कर्मी का इस तरह बीच में आना अच्छा नहीं लगा और तीनों आरक्षक से ही भिड़ गए। इसके बाद आरक्षक की शिकायत पर तीनों के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया

बता दें जिले में एसपी रामगोपाल गर्ग द्वारा गुंडा बदमाशों पर नजर रखने की हिदायत दी गई थी। सार्वजनिक स्थलों पर बदमाशी करते पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। इसबीच भिलाई नगर पुलिस को सूचना मिली कि सोमवार को सेक्टर 09 मनोहर मेडिकल के पास कुछ उपद्रवी लड़के आपस में वाद विवाद कर रहे हैं। सूचना मिलने पर भिलाई नगर के आरक्षक बसंत कुमार भोई को घटनास्थल रवाना किया गया।

जब आरक्षक बसंत मौके पर पहुंचे तो वहां विवाद कर रहे युवक आर सोनु, आर राजा व सी प्रवीण ने उल्टे आरक्षक को गाली देना शुरू कर दिया। आरक्षक से गाली गलौच के साथ मार देने की धमकी भी दी। इस मामले में आरक्षक की शिकायत के बाद तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। भिलाई नगर पुलिस ने तीनों बदमाशों के खिलाफ धारा 294, 506, 186, 353, 34 के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया है।

# चलती कार में लगी आगः चालक ने गाड़ी रोककर बचाई जान, चंद मिनटों में जली पूरी गाड़ी



**दुर्ग।** धमधा से रायपुर की तरफ जा रही एक कार में अचानक चलते-चलते आग लग गई। इंजन से धुआं उठता देखकर कार चालक घबरा गया। उसने सड़क किनारे तुरंत कार को रोका और भागकर अपनी जान बचाई। उसने तुरंत डायल 112 को फोन किया। जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तब तक कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी।

नंदनी थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि घटना मंगलवार शाम की है। एक कार धमधा से रायपुर की तरफ जा रही थी। इस दौरान चलती कार में अचानक आग लग गई। कार रायपुर बोरिया कला निवासी राम प्रताप पाण्डेय ( 40 वर्ष) की थी। वो खुद कार को चला रहे थे।

राम प्रताप ने पुलिस को बताया कि वो मंगलवार शाम 4 बजे धमधा से रायपुर के लिए निकले थे। वो जैसे ही देवरझाल गांव के पास पहुंचे, अचानक कार के सामने से धुआं उठने लगा। धुआं निकलता देख राम प्रताप ने कार को सड़क से किनारे करके रोका और फौरन बाहर निकले। कार से निकलते ही उसमें से आग निकलने लगी। कार में आग लगी देख राम प्रताप दूर भागे और नंदनी पुलिस को मामले की जानकारी दी।

### इंजन में शॉर्ट सर्किट की आशंका

नंदनी पुलिस के मुताबिक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। कार में आग लगने का कारण अज्ञात है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इंजन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण ये घटना हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। राम पाण्डेय के मुताबिक कार में उनके कुछ दस्तावेज और सामान भी थे, जो जलकर राख हो गए हैं।

# 14 साल के बच्चे के साथ गंदा कामः बेटे के बर्थडे पर बुलाकर किया अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में एक युवक ने अपने बेटे के साथ बर्ड-डे मनाने आए 14 साल के बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर दिया। इस केस में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घायल बालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है।

टीआई नरेंद्र चौहान ने बताया कि सीपत क्षेत्र के कृष्ण कुमार गंधर्व उर्फगोलू (27) बोरा फैक्ट्री में काम करता है। सालभर पहले उसका बेटा हुआ था। बीते रविवार को उसका बर्थडे था। उसने जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए मोहल्ले के बच्चों को अपने घर बुलाया था। इस दौरान 14 साल का एक बालक भी उसके घर गया था। बर्थडे पार्टी के दौरान कृष्ण कुमार शराब के नशे में था। पार्टी के बीच पीड़ित बालक अपने घर जाने के लिए निकला तब, कृष्ण कुमार उसे घर छोड़ने के बहाने साथ निकल गया।

### सूनसान जगह पर ले जाकर की गंदी हरकत

आरोपी कृष्ण कुमार बच्चे को उसके घर लेकर जाते समय उसे राखड़ डेम की तरफ सूनसान जगह पर ले गया और उसके साथ जबरन अप्राकृतिक कृत्य किया। इस दौरान उसने इस घटना की जानकारी किसी को देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। फिर बच्चे को उसके घर के पास छोड़ दिया।


### दर्द होने पर परिजन को दी जानकारी

पीड़ित बालक दर्द से कराहने लगा। तब परेशान होकर उसने इस घटना की जानकारी अपनी मां को दी। रात करीब 10 बजे उसके पिता काम से लौटा तो बालक की मां ने उसे बताया। देर रात वे दोनों बच्चे को लेकर सीपत थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। फिर शिकायत पर आरोपी कृष्ण कुमार गंधर्व के खिलाफ केस दर्ज कर उसे दबोच लिया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### 121 पदों के लिए 22 को रोजगार मेला का आयोजन

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 22 दिसम्बर 2023 को समय प्रात: 10.30 बजे से 3.00 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में नियोजक एस. आर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर चिखली पो. जेवरा सिरसा रोड दुर्ग के लिए 121 पद रिक्त हैं। जिसमें नर्सिंग स्टॉफ डायलायसिस टेक्नीशियन, मेडिकल ऑफिसर, डेंटिस, फिजियोथेरेपी, ओटी टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, आप्थेल्मिक टेक्नीशियन, पैथोलॉजी लैब, फिल्ड ऑफिसर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राइवर, कार्पोरेट मेन, गार्ड, अकाउंटेंट, फार्मसिस्ट, कोम्पो. ओपी, जीएम मार्केटिंग, प्लंबर मल्टिपल वर्कर, टीपीए इंचार्ज नर्सिंग सुप्रिटेंडेंट पद शामिल है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की के साथ प्लेसमेंट केम्प/रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का सफल आयोजन

**दुर्ग।** जिले के ग्राम बरहापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधि सागर वर्मा सदस्य जनपद पंचायत धमधा, सरपंच छत्रपाल चंदेल ग्राम पंचायत बरहापुर,रामेश्वरं साहू पंच, गणेश साहू पंच, वीर सिंह साहू उप सरपंच, भूपेंद्र द्विवेदी,मंशाराम साहू, बुधारु साहू, भगेंद्र साहू, होरीलाल वर्मा संतराम बांधव एवं विभिन्न विभागों से अधिकारी कर्मचारी जिसमें एस.के. शर्मा प्रभारी अधिकारी, पुनीत कोठारी सचिव ग्राम पंचायत बरहापुर, मनीष कुमार साहू रोजगार सहायक, एम. के देवांगन प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल बरहापुर, तेजराम देवांगन प्रधान पाठक मिडिल स्कूल बरहापुर, कमलेश्वर सिंह आरईओ कृषि, नेहा बंजारे एएनएम बरहापुर, संध्या धार्मिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नितेश ठाकुर गैस एजेंसी एचपी धमधा, संकुल समन्वयक टीकम पटेल एवं ग्राम पंचायत बरहापुर के 250 के लगभग ग्रामीण व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### खेदीबाई का घर की सपना हुआ साकार

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना से खेदी बाई की घर बनाने का सपना साकार हुआ है। दुर्ग शहर के पंचशील नगर वार्ड क्रं. 1 में रहने वाली श्रीमती खेदी बाई सिन्हा के पति की मृत्यु आज से 19 बरस पहले एक सड़क दुर्घटना में हो गई। उन्होंने अपने तीन बच्चों का भरण-पोषण व जीवन यापन के लिए दैनिक मजदूरी के कार्य को अपनाया। बच्चों की शिक्षा एवं विवाह कार्य में उनकी जमा पूंजी खर्च हो जाने के कारण खेदीबाई के पक्के घर का सपना अधूरा रह गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने भी आवेदन प्रस्तुत किया। योजनांतर्गत मकान निर्माण की स्वीकृति मिलने पर श्रीमती सिन्हा के बैंक खाते में सीधे राशि हस्तांतरित की गई है। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पूर्व की तरह स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य की सेवाएं तो बहुत सालों से देती आ रही है परन्तु पक्का आवास वाला यह योजना अपने-आप ही बहुत ही अलग एवं महत्वपूर्ण है।

---

**नेहरू नगर, शिवनाथ नदी, नेवई ओवर ब्रिज में किया जाएगा डिवाईडर का निर्माण तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था**

# सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण की तैयारी, नियमों का कड़ाई से पालन कराने के साथ लगाए जाएंगे डिवाईडर और लेफ्ट टर्न फ्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी उपाय करने को कहा। उन्होंने लेफ्ट टर्न फ्री लगाने एवं डिवाईडर लगाने को कहा। यातायात नियमों की पूरी जानकारी नही होने के कारण लोग जहां तहां कही से भी टर्न हो जाते है जिसके कारण दुर्घटनाएं होती है।**



जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने आमजनों की जान-मान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल दिया। जरूरत के अनुरूप डिवाईडर एवं लेफ्ट टर्न फ्री लगाने और अन्य अधोसंरचना कार्यो को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए व्यापक प्रयास करने बल दिया। कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोडने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों पर गति नियंत्रण के लिए जिगजैग, आवश्यक स्थानों पर साईन बोर्ड लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने लोक निर्माण विभाग सेतू संभाग अंतर्गत नेहरू नगर, शिवनाथ नदी, नेवई ओवर ब्रिज में डिवाईडर का निर्माण कराए जाने तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था और राष्ट्रीय राजमार्ग में कोसानाला सर्विस रोड का निर्माण तथा टोल प्लाजा को तोड़कर रोड सीधा कराने, प्रियदर्शनीय परिसर, साक्षरता चौक, खुर्सीपार, जीआरपी कटिंग, मजार कटिंग में क्रस बैरियर बनाने, नेहरू नगर से कोसानाला तक सर्विस रोड डिवाईडर की ऊंचाई बढ़ाने जाने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.)में झरोखा स्मृति नगर बोगदा पुलिया से डी मार्ट एवं आरोग्यम हॉस्पिटल तक दोनों ओर सर्विस लेन निर्माण एवं अंजोरा बायपास से नेहरू नगर गुरूद्वारा चौक तक दो स्थानों पर स्पीड वायलेशन डिवाईस कैमरा लगाने को कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा जेल तिराहा से पुलगांव चौक तक रोड चौड़ीकरण एवं डिवाईडर का निर्माण कराने, मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क चौक एवं पटेल चौक पर फ्री लेफ्ट निर्माण कराने, मोतीपुर चौक में हाई मास्क लाईट लगाने, धमधा-खैरागढ़ मार्ग बिरझापुर से ग्राम कुटहा के मध्य क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कराने व रिफ्लेक्टिव साईन बोर्ड लगाने का सुझाव दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग, आयुक्त नगर निगम भिलाई व अपर कलेक्टर रोहित व्यास, एसडीएम भिलाई नगर दीपक निकुंज, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम भिलाई जागेश्वर कौशल, डीएसपी यातायात सतीश ठाकुर, आरटीओ शैलाभ साहू सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

# समय-सीमा में हो प्रकरणों का निराकरण - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि समय-सीमा निर्धारित प्रकरणों का निराकरण समयावधी में किया जाये। कलेक्टर मीणा अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा प्रकरण, कलेक्टर जनचौपाल, मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त पत्र, पीजीएन के लंबित आवेदन और सारथी-एप में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंनें पुलिस विभाग, बीएसपी, बीएसएनएल, और रेल प्रबंधंन से संबंधित लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को शिघ्र निराकरण हेतु आवेदन प्रेषित करने नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री नीकुंज को निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व न्यायालयों अंतर्गत नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में निराकृत न्यायालयीन प्रकरणों की आनलाईन अपडेट करने की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, डायवर्सन प्रकरणों का निराकरण लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंनें कहा कि अगामी बैठक में सभी एसडीएम क्षेत्र से संबंधित राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरण व निराकरण में विलंब होने की कारण प्रस्तुत करेंगे। पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया की गांव से लगे मुख्य मार्गों में विचरण करने वाले 18832 मवेशियों को 301 गौठानों में रखें गये है। मनरेगा अंतर्गत 18 हजार मजदूर कार्यरत है। कलेक्टर नें स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों के निरीक्षण पश्चात चेक लिस्ट अनुसार निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों से कहा है। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विभागों को सौंपे गए दायित्व अनुसार जानकारियों अपलोड करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का,अपर कलेक्टर गोकूल रावटे एवं बी.के. दूबे, दुर्ग नगर निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर सहित सभी एसडीएम एवं समस्त विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

---

# राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित 'मेरी माटी - मेरा देश' निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र राजभाषा विभाग द्वारा 'मेरी माटी - मेरा देश' विषय पर आयोजित 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 16 दिसंबर 2023 को भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र के मिनी असेंबली हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक पंकज त्यागी थे।**



मुख्य अतिथि, पंकज त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, देशभक्ति की भावना प्रत्येक भारतीय के हृदय में है, हमें चाहिए कि, हम वही करें, जो राष्ट्र के लिए सर्वश्रेष्ठ हो। देश है, तो हम हैं। अत: हर कीमत पर हमें देश हित में कार्य करना चाहिए। साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का विकास तो होता ही है, साथ ही साथ हिंदी ज्ञान में भी वृद्धि होती है। अत: ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने ही चाहिए। उन्होंने आयोजन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के विभिन्न सदस्य संस्थानों के कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरंभ में सौमिक डे, उप महाप्रबंधक तथा 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सचिव ने किताब भेंट कर श्री पंकज त्यागी का स्वागत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में, श्री सौमिक डे ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के आयोजन का मूल उद्देश्य यही है कि, हिंदी के प्रगामी प्रयोग को आधिकाधिक प्रोत्साहन मिले तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो, ताकि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा कार्यान्वयन नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रतियोगिता में, उप महाप्रबंधक (सेल-सेट, भिलाई उप केन्द्र) सुश्री पारमिता महान्ति, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (राइट्स लिमिटेड) श्री राकेश श्रीवास्तव तथा उप मंडल अभियंता (राजभाषा), भारत संचार निगम लिमिटेड, मण्डल कार्यालय, दुर्ग सुश्री अनुराधा धनांक ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायक अभ्युक्ति में सुश्री अनुराधा धनांक ने राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना जगाने वाले विषय 'मेरी माटी - मेरा देश' का चयन करने के लिए, आयोजक संस्थान को धन्यवाद दिया और प्रतिभागियों का आह्वान किया कि, वे विभिन्न लेखन प्रतियोगिताओं में मौलिक विचारों का आधिकाधिक समावेश करें, ताकि लेखन एवं विचार क्षमता का विकास हो।

---

# भारत संकल्प यात्रा: 679 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीयन करवाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को वार्ड 57 गोवर्धन चौक उरला और वार्ड-28 दुर्गा मंच बांस पारा में शिविर लगाया गया। संकल्प यात्रा रथ दोनों जगहों पर पहुंचा। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से जुड़ी जानकारी ली गई।**



शिविर में 17 से अधिक योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर निशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शुगर-बीपी की जांच की गई। इस अवसर पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,पार्षद जमुना साहू,पार्षद राकेश सेन,पार्षद बृजलाल पटेल,नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू,सहायक नोडल अधिकारी दिनेश नेताम,स्वेता महलवार,भारती ठाकुर,रितेश शर्मा सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।शिविर में हेल्थ के तहत 335 लोगों ने अपना जांच करवाया।इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के 328 स्वनिधी योजना के तहत 105,आयुष्मान कार्ड के तहत103 आधार कार्ड के लिए 332 प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लिए 58,विश्वकर्मा योजना के तहत 58 लोगों ने पंजीयन कराया।शिविर में विश्वकर्मा योजना,आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन,पीएम आवास योजना,सुकन्या योजना, मुद्रा लोन योजना,पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई। वार्ड 28 दुर्गा मंच के शिविर में प्राप्त आवेदन आधार कार्ड 372 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 86 आयुष्मान के कार्ड 24 राशन कार्ड 15 हेल्थ 234 प्रधानमंत्री आवास 351 स्वनिधि 291 विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 18 के अलावा सुकन्या योजना 33 आवेदन प्राप्त हुए।वार्ड-57 और 28 में पहुंचा संकल्प यात्रा 2,688 लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया।दिनाँक 20 दिसंबर दिन बुधवार को वार्ड 53 दशहरा मैदान और वार्ड 07 मिनी स्टेडियम में संकल्प यात्रा के तहत व शिविर लगेंगे।

---

# जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 22 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव योजना अंतर्गत अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत/लोक गायन/लोक नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी तथा अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों के पारंपरिक लोक वाद्य आदि में कलाकारों की प्रतिमा की पहचान करने एवं उन्हे पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 22 दिसंबर 2023 को 11 बजे बालक छात्रावास परिसर (मालवीय चौक) दुर्ग में आयोजित किया गया है। जिसकी प्रविष्टियां 21 दिसंबर 2023 शाम 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है।

प्रविष्टियां प्रस्तुत करने हेतु इच्छुक दलों को अपेक्षाओं की पूर्ति करना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारंपरिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए है तो इसका विवरण, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किए है तो उसकी जानकारी, प्रविष्टिकर्ता के उत्कृष्ट कार्य के विषय में कोई लेख प्रकाशित हुआ है तो उसका विवरण, सामाजिक चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनके कार्य के संबंध में कोई ख्यात व्यक्ति अथवा पत्र पत्रिकाओं द्वारा टिप्पणी की गई।

---

# अमर शहीद वीर नारायण सिंह को गोंड़ समाज के लोगों ने दी श्रद्धाजंलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वीर नारायण सिहं के शहादत दिवस को याद करने व श्रद्धाजंलि देने हेतु केंद्रीय गोड़ महासभा धमधा गढ़ के समाज नया बस स्टैंड स्थित वीर नारायण सिंह प्रतिमा के पास इकट्ठा हुए जहाँ अमर शहीद अमर रहे कि नारा बुलंद किया गया तथा जब तक सूरज चाँद रहेगा, तब तक वीर नारायण सिहं का नाम रहेगा नारा लगाया गया। सर्व प्रथम वीर नारायण सिहं के प्रतिमा का पूजा अर्चना व माल्यर्पण कर समाज द्वारा दो मिनट की श्रदांजलि दिया गया।



अध्यक्ष एम डी ठाकुर ने उनकी शहादत को नमन करते हुए कहा कि हमें उनकी बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए, वे प्रजा की सेवा करते हुए, अपने प्राणों की आहुति दे दिए, समाज को उनकी बलिदान पर गर्व हैं। वीर नारायण सिंह को सकल समाज का आर्दश बताते हुए सेवानिवृत अपर कलेक्टर श्री डी. एस. सोरी ने कहा कि हमें उनकी वीरता को कभी नहीं भूलना नहीं चाहिए वे हमारे समाज के प्रेरणा स्त्रोत हैं उनकी शहादत को प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व श्री सीताराम ठाकुर ,पन्ना लाल नेताम, दिलीप ठाकुर करण, प्रशान्त, ललित, पवन,राजेन्द्र, किशोरी,डॉ विश्व नाथ यादव,लेखराम यादव एवं समाज के युवा साथी उपस्थित थे।

वीर नारायण सिंह बिंझवार: महान क्रांतिकारी जिनके शव को अंग्रेजों ने तोप से बांध कर उड़ा दिया था:- क्या आप जानते हैं भारत के रॉबिनहुड को जो गरीबों के हित के लिए फांसी पर झूल गये। यह वह व्यक्ति है जिसने गरीब देशवासियों की जान के लिए अपनी जान का बलिदान कर दिया। जमींदार होते हुए भी यह साहूकारों से देशवासियों की भूख के लिए लड़ा। इस हुतात्मा का नाम है वीर नारायण सिंह बिंझवार जिन्हें 1857 के स्वातंर्त्य समर में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद के रूप में जाना जाता है। वीर नारायण सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ के सोनाखान में 1795 में एक जमींदार परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम राम राय था। कहते हैं इनके पूर्वजों के पास 300 गांवों की जमींदारी थी। यह बिंझवार जनजाति के थे। पिता की मृत्यु के बाद 35 वर्ष की आयु में वीर नारायण सिंह अपने पिता के स्थान पर जमींदार बने। उनका स्थानीय लोगों से अटूट लगाव था। 1856 में इस क्षेत्र में भीषण अकाल पड़ा। लोगों के पास खाने के लिए कुछ नहीं था।

जो था वह अंग्रेज और उनके गुलाम साहूकार जमाखोरी करके अपने गोदामों में भर लेते थे। भूख से जनता का बुरा हाल था। अपने क्षेत्र के लोगों का इतना बुरा हाल वीर नारायण सिंह से देखा नहीं गया। उन्होंने कसडोल स्थान पर अंग्रेजों से सहायता प्राप्त साहूकार माखनलाल के गोदामों से अवैध और जोर जबरदस्ती से एकत्रित किया हुआ अनाज लूट लिया और भूखमरी से पीड़ित गरीब जनता को बांट दिया। इस कृत्य के कारण अंग्रेजों ने उन्हें 24 अक्टूबर 1856 को बंदी बना कर जेल में डाल दिया।

---

# विधानसभा अध्यक्ष बनने पर दया सिंह ने दी डॉ. रमन को बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अब विधानसभा के अध्यक्ष बन गए हैं। नगर निगम भिलाई में उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और आशीर्वाद लिया।**



दया ने कहा कि भोले बाबा की बारात और सावन सोमवार पर होने वाली विशेष पूजा में डॉ. रमन सिंह हर वर्ष भिलाई आते हैं। बाबा और मातारानी के आशीर्वाद की वजह से वे छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

अब छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में रहकर लोकतंत्र के लिए काम करेंगे। दया ने डॉ. रमन सिंह को भिलाई आने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि, डॉ. रमन बहुत जल्द भिलाई आएंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950